26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 26 मई, 2026

अंक- 211 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16




# यूपी में बिजली संकट गहराया

## पीक डिमांड 31,804 मेगावाट पहुंची

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ती खाई के चलते बिजली संकट गहरा गया है। पीक आवर में मांग पूरी करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर बिजली खरीद के लिए उपलब्ध ही नहीं है। यूपीपीसीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य बिजली निगम हर दिन शाम के पीक आवर में मांग-आपूर्ति का अंतर पाटने के लिए एक्सचेंज पर बोली लगा रहा है। लेकिन हाल के दिनों में एक यूनिट भी नहीं खरीद पाया है, क्योंकि बाजार में सरप्लस बिजली उपलब्ध ही नहीं है। अधिकारी ने कहा कि यूपीपीसीएल पारंपरिक रूप से गर्मियों में पीक डिमांड को मैनेज करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज पर निर्भर रहा है। लेकिन इस साल सभी राज्यों में एक साथ असाधारण रूप से अधिक मांग के कारण शॉर्ट-टर्म खरीद का यह जरिया बेअसर हो गया है। रविवार रात प्रदेश की बिजली मांग इस सीजन के सबसे ऊंचे स्तर 31,804 मेगावाट पर पहुंच गई। यह न केवल उप्र बल्कि देश में भी सबसे अधिक मांग में से एक है। तापमान अधिक रहने से आने वाले दिनों में मांग और बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारियों ने बताया कि दिन के समय सौर ऊर्जा से कुछ राहत मिल जाती है और आपूर्ति-मांग का अंतर कम हो जाता है। लेकिन बड़ी चुनौती रात में आती है, जब सौर बिजली उपलब्ध नहीं होती और मांग और बढ़ जाती है। सूत्रों के अनुसार एक्सचेंज पर जो भी सीमित बिजली उपलब्ध हो रही है, वह सीलिंग रेट 10 रुपये प्रति यूनिट पर बिक रही है।

खुशखबरी! खुशखबरी!

स्पेशल ईद ऑफर

Ravi Interiors™ A Complete House of Interior
WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10" | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12" | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
मो. 7341126925, 7341126926



# आरआर पब्लिक स्कूल में हुआ तृतीय सोपान शिविर का समापन

**नूरपुर (चिंगारी)।** सोमवार को स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स उत्तर प्रदेश, जिला संस्था बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित स्काउट/गाइड के पांच दिवसीय तृतीय सोपान टेस्ट शिविर का समापन कैंप फायर कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। भारत स्काउट और गाइड शिविर का आयोजन ब्रजेश कुमार सहाय प्रादेशिक संगठन मुरादाबाद की देखरेख में किया गया। शिविर में प्रवेश सोपान से तृतीय सोपान तक का निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सम्बन्धित परीक्षकों द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान शिविर संचालक श्री अशोक कुमार एवं ऋतु रानी द्वारा प्रतिभागियों को पायनियरिंग, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, मानचित्र अध्ययन, सिग्नलिंग, दस्ता पद्धति, हाइकिंग, मोबाइल एवं एटीएम के सुरक्षित प्रयोग आदि का व्यावहारिक एवं उपयोगी ज्ञान प्रदान किया गया। शिविर के दौरान हाइकिंग का आयोजन किया गया। उपप्रधानाचार्य टीकम सिंह द्वारा स्काउट्स/गाइड्स को यात्रा हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रास्ते में स्काउट्स/गाइड्स ने वाहन चालकों एवं राहगीरों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग का सन्देश दिया। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने, वाहन धीमी गति से चलाने तथा सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने हेतु लोगों को प्रेरित किया।



## राजा का ताजपुर का चर्च रहा आकर्षण का केंद्र

हाइकिंग का मुख्य आकर्षण राजा का ताजपुर चर्च रहा, जहां पहुंचकर सभी स्काउट्स/गाइड्स ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी हासिल की। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स/गाइड्स में विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व, सामाजिक जागरूकता, शारीरिक क्षमता तथा विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने की क्षमता विकसित करती है।

# रोज़ बढ़ रही महंगाई की मार गोलगप्पे बेचना भी हुआ दुश्वार

-फ़िरोज़ आलम

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** अमेरिका, ईरान, इजरायल सहित अन्य खाड़ी देशों के बीच चल रहे युद्ध का असर अब सीधे-सीधे बड़े से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी पुरी (गोल-गप्पे) का ठेला लगाने वाले तक पर पड़ने लगा है। डीजल या पेट्रोल के दाम बढ़ते हैं, उसका सीधा असर सिर्फ गाड़ी चलाने वालों पर नहीं, बल्कि हर एक गरीब परिवार की रसोई और जेब पर पड़ता है। डीजल, पेट्रोल के बड़े दामों के चलते आज बाजार में तेल, मैदा, सूजी,आलू, मसाले और इमली जैसी जरूरी चीजों की कीमतें बढ़ने से पानी पुरी की मेकिंग कॉस्ट काफी बढ़ गई है। महंगाई के चलते चाट खाने का शौक रखने वाले अपना मन मार ठेले के पास से बिना खाए ही मुंह बचाकर निकल रहे हैं। रोज ठेला लगाकर पानी पुरी (गोलगप्पे) बेचने वाले हीमपुर दीपा निवासी मुनेंद्र उर्फ मोनू, लोकेन्द्र कुमार, धीरज कुमार गुप्ता आदि का कहना है कि दिन-प्रतिदिन बढ़ती महंगाई का ग्रामीण क्षेत्रों में भारी असर पड़ रहा है। एक साथ कमर्शियल गैस सिलेंडर, सरसों तेल, दोना, पत्तल, चम्मच आदि सभी चीजों के दामों में बेतहाशा हुई वृद्धि के चलते अब उन्हें ज्यादा कुछ नहीं बच पा रहा है। बढ़ती महंगाई की मार से उनके सामने रोजी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने चिंता जताई यदि खाड़ी देशों में युद्ध का क्रम इसी तरह चलता रहा तो बढ़ती महंगाई से आने वाले दिनों में वह यह काम छोड़ने को विवश हो जाएंगे। महंगाई के कारण उनकी दुकानदारी में काफ़ी गिरावट हो रही है। जिस कारण उन्हें अब परिवार के भरण पोषण में भी दिक्कत आने लगी हैं। दूसरे मुल्कों से जो चीजें भारत आयात हो रही हैं, उस पर तो महंगाई बढ़ना समझ में आती है। परंतु जो चीजें हमारे ही देश में तैयार हो रही हैं। उन पर बेतहाशा दामों की वृद्धि समझ से परे है। बाहर मुल्कों में युद्ध चल रहा है, लेकिन यहां देशवासी महंगाई की मार झेल रहे हैं। यह बहुत चिंताजनक है।



# गुलमर्ग में खराबी के कारण गोंडोला सेवा ठप

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार को गोंडोला सेवा के अचानक खराब हो जाने के बाद भारतीय सेना ने राज्य आपदा मोचक बल, राज्य पुलिस और अन्य नागरिक एजेंसियों के साथ मिलकर एक बड़े बचाव और निकासी अभियान में करीब 300 लोगों को सुरक्षित बचाया है। खराब मौसम के बीच गुलमर्ग गोंडोला केबल कार सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक फंस गये थे। सेना के अनुसार इस खराबी के कारण बेस स्टेशन और फेज-1 (कोंगडोरी) के बीच गोंडोला सेवाएं अचानक रोक दी गईं। इसके बाद, जम्मू और कश्मीर पुलिस और गोंडोला प्रबंधन प्राधिकरण से मदद के लिए एक आपातकालीन अनुरोध मिलने पर सेना की ओर से तुरंत कार्रवाई की गई। सेना ने तेजी से कार्रवाई करते हुए प्रभावित क्षेत्र में बचाव दलों को भेजा। बुटापथरी बटालियन के सैनिकों ने फंसे हुए यात्रियों की मदद के लिए गोंडोला बेस स्टेशन और फेज-1 के बीच के रास्ते पर तीन कैजुअल्टी असिस्टेंस टीम तैनात कीं। सेना ने मुश्किल इलाके और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में निकासी के प्रयासों में सहायता के लिए अपने ऑल-टेरेन व्हीकल को भी तैनात किया। इस बीच राज्य आपदा मोचन बल, जम्मू और कश्मीर पुलिस और अन्य नागरिक एजेंसियां भी इस अभियान में शामिल हो गईं। साथ ही, बचाव प्रयासों को और मजबूत करने के लिए गुलमर्ग एटीवी एसोसिएशन के माध्यम से अतिरिक्त एटीवी की व्यवस्था की गई, क्योंकि गोंडोला सिस्टम को ठीक होने में समय लगने की आशंका थी। जानकारी के अनुसार, तकनीकी खराबी के कारण कुल 65 केबल कार प्रभावित हुई थीं। शाम सात बजे तक बचाव अभियान में करीब 300 फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था।

# मुरादाबाद में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान का इंजन फेल

**मुरादाबाद (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को एक बड़े विमान हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गए। डिप्टी सीएम मुरादाबाद से लखनऊ के लिए रवाना होने वाले थे, तभी उनके 6-सीटर सरकारी विमान में गंभीर तकनीकी खराबी आ गई। दरअसल, विमान जैसे ही रनवे पर टेक-ऑफ के लिए तैयार हुआ, उसका बायां इंजन अचानक बंद हो गया। इंजन बंद होते ही उसमें से धुआं निकलने लगा, जिसे देख पायलट और ग्राउंड स्टाफ के हाथ-पांव फूल गए। एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने बिना देरी किए विमान को घेरा और ब्रजेश पाठक समेत सभी क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बाहर निकाला।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
सभी जनपदवासियों को ईदुल-अज़हा की हार्दिक शुभकामनाएं
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

रोज बढ़ रही महंगाई की मार, गोलगप्पे बेचना भी हुआ दुश्वार ( पेज 2 )



# भीषण गर्मी व लू जारी है लगातार, जीना हुआ दुश्वार



**नयी दिल्ली/बिजनौर ( एजेंसी/चिंगारी )।** देश भर में मैदानी और तटीय इलाकों में भीषण गर्मी व लू का प्रकोप जारी है और गांवों-शहरों में दोपहर के समय अघोषित कर्फ्यू सा माहौल है। वहीं सोमवार से नौतपा की शुरूआत के साथ गर्मी की मार झेल रहे लोगों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। सुबह से ही आसमान से आग बरसने लगती है। रात में भी चैन नहीं है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार को मौसम के अचानक करवट लेने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने से लोगों को थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन गर्मी ने फिर से उन्हें बेचैन कर दिया है। गांव हो या शहर, हाईवे हो या लिंक रोड, राहगीरों की आवाजाही कम है और तेज धूप एवं लू के थपेड़ों के बीच लोग घरों में ही रहना बेहतर समझ रहे हैं तथा बेहद जरूरी होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। इस बीच नौतपा की शुरूआत हो गयी, जो आगामी दो जून तक रहेगा।

दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अधिकांश भागों में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है तथा आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की संभावना जतायी गयी है। पहाड़ी क्षेत्र भी तप रहे हैं। मसूरी, शिमला, नैनीताल आदि में पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है, जहां दिन के समय काफी गर्मी है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने, सिर ढंक कर चलने तथा लू से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# नौतपा में धरती के ताप को कम करने के लिये पानी लेकर आयेंगे बादल

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रचंड गर्मी और भीषण 'लू' का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में इस सप्ताह के मध्य तक छिटपुट बारिश की संभावना है। इस बीच राज्य में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप आज भी जारी रहा। कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया।

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में तेज धूलभरी आंधी, गरज-चमक और हल्की वर्षा की संभावना जताते हुए लोगों को राहत मिलने के संकेत दिए हैं। हालांकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हीटवेव से लेकर भीषण हीटवेव तक की स्थिति बने रहने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी लखनऊ में अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

प्रदेश में सबसे अधिक तापमान बांदा में 47.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क रह सकता है, लेकिन 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूलभरी तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ इलाकों में आंधी और गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने से लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिल सकती है जबकि 28 मई को पूरे राज्य में गरज चमक के साथ बारिश के आसार हैं।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अयाज खान जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है, इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। **-शहजाद आलम पुत्र फरीद अहमद निवासी मोहल्ला चाहशीरीं बी- 24, बिजनौर**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



# मुख्यमंत्री से मिले विधायक ओम कुमार नहटौर क्षेत्र के विकास पर किया विचार

**नहटौर ( चिंगारी )।** विधायक ओम कुमार ने सोमवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास 5 कालीदास मार्ग पर भेंट की। ओम कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने अत्यंत आत्मीयता एवं स्नेह के साथ भेंट कर कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से अपने विधानसभा क्षेत्र नहटौर एवं जनपद बिजनौर के जनहित से जुड़े विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संबंध में विस्तृत चर्चा की। ओम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नहटौर क्षेत्र व बिजनौर जनपद के विकास को और गति देने का आश्वासन दिया।

# शेरकोट के युवक की दिल्ली में करंट लगने से मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** शेरकोट निवासी युवक की दिल्ली में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। सोमवार की शाम युवक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया और देखने वालों की भीड़ लिए गई। जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला शेखान निवासी 22 वर्षीय मौ. शुऐब पुत्र नफीस अहमद दिल्ली के सुल्तानपुरी क्षेत्र में रहकर अपने मामा की चिकन शॉप पर काम करता था। परिजनों के मुताबिक शुऐब रविवार की देर शाम रोज की भांति चिकन की दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक काटे में आये करंट की चपेट में आने से शुऐब को तेज झटका लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। शोर सुनकर आये परिजनों व आसपास के लोगों द्वारा शुऐब को गम्भीर हालत में उठाकर उपचार हेतु तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जंहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन आनन-फानन में दिल्ली के लिए रवाना हो गये। बताया जाता है कि मृतक छह भाईयों में सबसे बड़ा था और अभी अविवाहित था। कल शाम शुऐब का शव दिल्ली से घर पहुंचा तो उसे देखने वालों की भीड़ लग गई। बाद नमाज़ ए इशा गमगीन माहौल में शुऐब को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। युवक की असमय हुई मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा है, वहीं मुहल्ले में ग़म का माहौल है।



मौ. शुऐब का फाइल फोटो

# बोर्ड की बैठक में हुए कई प्रस्ताव पास
# 19 करोड़ से होगा बढ़ापुर का विकास

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** नगर पंचायत बढ़ापुर की बोर्ड बैठक में 19 करोड़ रूपयों की लागत से नगर का विकास कराया जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गया है। उक्त धनराशि को सड़क निर्माण व अन्य विकास कार्यों के अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था पर सुधार के लिए खर्च किया जाएगा।

सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में आयोजित बोर्ड की बैठक चेयरमेन डॉ. दिलशाद अंसारी की अध्यक्षता तथा अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में कुल अनुमानित आय 19 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपये और अनुमानित व्यय 18 करोड़ 88 लाख रुपये का प्रस्ताव पास किया गया। निकाय को लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये का वार्षिक लाभ दर्शाया गया है। बोर्ड बैठक में नगर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई विकास कार्यों के साथ ही नगर की सड़कों के निर्माण कार्य क अलावा पेयजल व्यवस्था में सुधार पर जोर दिया गया। बोर्ड बैठक में बजट पास हो जाने से विकास एवं निर्माण कार्यों में तेजी आएगी। बैठक में सभासद शोभा वाल्मीकि, गुड़िया रानी, नीलम सैनी, दानिश अली, राहुल कश्यप, अकील अहमद, दानिश कुरैशी, करिश खान, योगेश प्रजापति, श्याम सिंह कश्यप, नामित सभासद अजय राज सिंह, राहुल पाल और बीरेंद्र सैनी सहित अन्य सभासद उपस्थित रहे।




भली लगे या बुरी...

## धर्म की आड़ में पाखण्ड का व्यापार

देश में इस समय ऐसे तथाकथित कथावाचकों/संतों की भरमार है, जो धर्म के नाम पर अज्ञानता, रुढ़िवादिता और पिछड़ापन बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विडम्बना है कि इनको समाज द्वारा भरपूर सम्मान व प्रोत्साहन मिल रहा है। कथित संतों को महिमामंडित करने में मीडिया भी पीछे नहीं है। इनकी अनर्गल बातों को परिचारित-प्रसारित किया जा रहा है। सरकारें भी इन कथित संतों के आगे नतमस्तक नजर आती हैं। सरकार की ओर से इन्हें भरपूर समर्थन और सहयोग देकर साधन सम्पन्न बनाया जा रहा है। करोड़ों की भूमि कौड़ियों में दे दी जाती है। हालांकि, कुछ साल पहले आसाराम बापू तथा कई अन्य के पाखण्ड बेनकाब हो चुके हैं। संत के वेश में छिपे कई पाखंडियों को जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा है। इसके बावजूद अंधभक्तों की आंख पर बंधी अज्ञानता और अंधविश्वास की पटटी खुल नहीं पा रही। आसाराम बापू को पुलिस ने यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किया था। शाहजहांपुर की एक नाबालिग लड़की ने यह आरोप लगाया था कि आसाराम ने कथित इलाज के नाम पर उसके साथ बलात्कार किया था। उसका परिवार आसाराम का अंधभक्त था और कल्पना भी नहीं कर सकता था कि जिसे वे पूजते हैं, वह भी हैवानियत की हदों तक उतर सकता है। यह सही है कि देश में उनके समर्थकों का भी एक बड़ा समुदाय रहा है, इसके बावजूद भीड़ हर समय सही रास्ते पर ही हो, यह नहीं होता। कई बार भीड़ दिशाहीन होती है और उसका अपना कोई सोच व तर्क काम नहीं करता। जो हो, यह सुखद है कि आसाराम बापू ने जिस प्रकृति का अपराध किया था, उसके विरोध में भी बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर निकले थे। आसाराम बापू जैसे लोगों ने धर्म का जिस तरह से दुरुपयोग किया है, उससे वास्तविक संतों को भी संदिग्ध दृष्टि से देखा जाने लगा है। आश्चर्य होता है कि व्यापक जनसमुदाय को धर्म के नाम पर संकीर्ण, सतही और निरर्थक जानकारियां देकर बहलाने की कला में माहिर होने के चलते निम्न मध्यम वर्ग/निम्न वर्ग के कम पढ़े-लिखे तबके को अपने साथ जोड़ने में ऐसे 'व्यापारी संतों' को सफलता मिल जाती है।

# पेट्रोल मूल्य वृद्धि का विरोधाभास

## संकट जनता का, कमाई सरकार की



▶▶ भूपेन्द्र गुप्ता

भारत में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें अब केवल अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कहानी नहीं रह गई हैं। वे सरकारों की उस आर्थिक संरचना का प्रतीक बन चुकी हैं, जिसमें ईंधन उपभोक्ता की आवश्यकता कम और राजस्व का सबसे भरोसेमंद स्रोत अधिक दिखाई देता है। आज जब ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया के तनाव के कारण पेट्रोल की कीमतें फिर बढ़ रही हैं, तब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में जनता केवल वैश्विक संकट का बोझ उठा रही है, या फिर उस कर-व्यवस्था का भी भार झेल रही है जिसने ईंधन को राजस्व मशीन बना दिया है?

भारत जैसे देश में, जहां करोड़ों लोग प्रत्यक्ष कर दायरे में नहीं आते, पेट्रोल-डीजल पर लगाया गया टैक्स सरकारों के लिए सबसे आसान आय का साधन बन गया है। उपभोक्ता हर दिन, हर लीटर के साथ टैक्स देता है, बिना किसी बहस, नोटिस या प्रतिरोध के। यही कारण है कि पेट्रोल की कीमत अब केवल ऊर्जा लागत से तय नहीं होती, उसमें सरकारों की राजकोषीय भूख भी शामिल होती है। वर्तमान मूल्य वृद्धि इसी विरोधाभास को उजागर करती है। सरकारें कह रही हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा हो गया है, इसलिए कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यह तर्क भी आंशिक रूप से ही सही है।



भारत लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए वैश्विक संकटों का असर यहां पड़ना तय है। लेकिन सवाल यह है कि जब कच्चा तेल सस्ता हुआ था, तब जनता को उसी अनुपात में राहत क्यों नहीं मिली?

कोविड काल और उसके बाद कई महीनों तक अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें ऐतिहासिक रूप से नीचे चली गई थीं। उस समय जनता को उम्मीद थी कि पेट्रोल-डीजल सस्ते होंगे, लेकिन हुआ उल्टा। केंद्र सरकार ने एक्साईज ड्यूटी बढ़ाई, और राज्यों ने वैट (मूल्य वर्धित टैक्स) बनाए रखा और पेट्रोल के दाम ऊंचे ही बने रहे। सरकारों का राजस्व बढ़ता गया, जबकि उपभोक्ता राहत की प्रतीक्षा करता रहा। यहीं से ऊर्जा लागत मॉडल और राजस्व मॉडल का अंतर स्पष्ट होता है।

ऊर्जा लागत मॉडल कहता है कि ईंधन की कीमत मुख्यत: तेल की वास्तविक लागत से तय होनी चाहिए, लेकिन राजस्व मॉडल में ईंधन सरकार के बजट संतुलन का उपकरण बन जाता है। भारत में धीरे-धीरे यही हुआ है।

आज भी पेट्रोल की कीमत का बड़ा हिस्सा टैक्स है। यदि पेट्रोल का वास्तविक बेस प्राइस लगभग 55 से 60 प्रति लीटर है, तो उपभोक्ता पंप पर 110 के आसपास भुगतान करता है। यानी वह केवल पेट्रोल नहीं खरीद रहा है, बल्कि भारी कर-व्यवस्था का वित्त पोषण भी खरीद रहा है।

सबसे बड़ा विरोधाभास तब दिखाई देता है, जब सरकारें एक ओर जनता से खर्च कम करने, सादगी अपनाने और वैश्विक संकट सहने की अपील करती हैं, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल को राजस्व संग्रह के स्थायी साधन की तरह इस्तेमाल करती रहती है। यदि वास्तव में संकट साझा है, तो उसका बोझ केवल उपभोक्ता पर क्यों डाला जाए? टैक्स संरचना में स्वत: कमी क्यों नहीं आती?

यह भी ध्यान देने योग्य है कि पेट्रोल-डीजल पर टैक्स एक प्रतिगामी कर (रिग्रेसिव टैक्स) की तरह काम करता है। अमीर और गरीब दोनों एक लीटर पेट्रोल पर लगभग समान टैक्स देते हैं, लेकिन उसका वास्तविक बोझ गरीब और मध्यवर्ग पर अधिक पड़ता है। डीजल महंगा होते ही परिवहन महंगा होता है, और फिर खाद्यान्न से लेकर निर्माण सामग्री तक सबकी कीमतें बढ़ जाती हैं। यानी ईंधन मूल्य वृद्धि केवल वाहन चलाने वालों की समस्या नहीं रहती, वह पूरी अर्थव्यवस्था में महंगाई का दबाव पैदा करती है।

सरकारों का तर्क है कि इसी राजस्व से सड़कें बनती हैं, कल्याणकारी योजनाएं चलती हैं और राजकोषीय घाटा नियंत्रित होता है। यह तर्क पूरी तरह गलत नहीं है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जनता को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार राहत दे, तब उसका लाभ सीधे उपभोक्ता तक पहुंचे? और यदि संकट के समय जनता से त्याग अपेक्षित है, तो क्या सरकारों को भी अपने कर ढांचे में लचीलापन नहीं दिखाना चाहिए? वर्तमान पेट्रोल मूल्य वृद्धि केवल एक आर्थिक घटना नहीं है, यह उस नीति-दर्शन का प्रतिबिंब है जिसमें ईंधन को जीवन की आवश्यकता कम और राजस्व के अवसर के रूप में अधिक देखा जाने लगा है। जब तक पेट्रोल-डीजल को स्थायी कर-स्रोत की तरह इस्तेमाल किया जाता रहेगा, तब तक हर वैश्विक संकट का पहला और सबसे भारी असर आम भारतीय नागरिक की जेब पर ही पड़ेगा। (विभूति फीचर्स)

## झाड़ू का कॉकरोच प्रेम



डा. सुधाकर आशावादी

अंततः झाड़ू ने स्पष्ट कर दिया कि वह किचन के सफाई अभियान में भाग नहीं लेगी, विशेषकर तब जब उसे कॉकरोच पर निर्ममतापूर्ण व्यवहार करने का आदेश दिया जाएगा। यानि झाड़ू कॉकरोच का साथ निभाएगी, उस पर आने वाली किसी भी विपदा से उसे बचाएगी। यह तो वही बात हुई जैसे सांप, नेवले से कहे कि भाई दुश्मनी में क्या रखा है, आओ एकजुट हो जाएं, यानि एक-दूसरे के सुर में सुर मिलाएं। अपने यहां कब किसके प्रति किसके मन में प्यार उमड़ आए, पता नहीं लगाया जा सकता। सदियों से किचन में घुसपैठ करने वाले कॉकरोच परेशान थे, उनके अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगा था, उनके सम्मुख अस्तित्व बचाए रखने का संकट था। आखिर कब तक कॉकरोच चुप रहते, जुल्म सहते। कीटनाशक दवाओं के चलते बार-बार बेहोश होकर या प्राण त्यागकर झाड़ू से घरों के बाहर कूड़े में फिकवाए जाते। सो उन्होंने झाड़ू से गुहार लगाना ही उचित समझा। झाड़ू स्वयं अपने दुःख से दुखी थी। उसके अस्तित्व पर स्वयं ही प्रश्नचिन्ह खड़े थे। उसका स्थान आधुनिक मशीनों ने जो ले लिया था। सफाई के लिए मशीनें जो आ गई थीं। कॉकरोच की गुहार से झाड़ू की थमती हुई सांसों में नई जान आ गई। सूचना क्रांति के युग में झाड़ू संगठन सक्रिय हो गया, जिस झाड़ू संगठन पर कॉकरोच को धराशाई करने का दायित्व था, वह खुद को कॉकरोच सिद्ध करने में जुट गया। जिसे देखो वही खुद को कॉकरोच बताने लगा। कॉकरोच का स्लोगन लगाकर स्वच्छता के पैरोकार फेसबुक और इंस्टाग्राम की सड़कों पर उतर आए। वाकई यह सुखद संयोग था, कि जब झाड़ू और कॉकरोच ने मिलकर होली खेलने का कार्यक्रम बनाया, दोनों एक ही कोरस गाने लगे, कि दुश्मन-दुश्मन जो दोस्तों से भी प्यारा है। झाड़ू के संग कॉकरोच का रिश्ता पुराना है। भले ही उनके रिश्ते में कभी खटास आई हो, मगर अवसरवादी राजनीतिज्ञों की तरह रिश्तों में मिठास का दिखावा तो किया ही जा सकता है। वैसे भी आज के दौर में दुश्मनी स्थाई नहीं रह सकती। एक-दूसरे को गालियां देकर एक-दूसरे की जान के दुश्मन बने शत्रु न जाने कब एक-दूसरे के सुर में सुर मिलाने लगें, कोई नहीं जानता। वे कब एक-दूसरे के साथ चाय की चुस्कियां लेते हुए कहने लगें कि तुमने मुझे गाली दी या, मैंने तुम्हें गाली दी, कोई बात नहीं मेरे यार, एक-दूसरे को गले लगाकर दोनों बन जाएं रंगे सियार। यही चल रहा है। जिस झाड़ू को कॉकरोच कभी नहीं सुहाया, वही झाड़ू कॉकरोच को संरक्षण प्रदान करने में स्वयं को खुसनसीब समझ रही है। कॉकरोच खुश हैं, विचार रहे हैं, कि वे भी बड़े आंदोलन को जन्म देकर सत्ता सुख भोग सकते हैं। जब झाड़ू और कॉकरोच में दोस्ती प्रगाढ़ हो जाए, तब उनकी भूमिका और भी अधिक असरकारी हो सकती है। (विनायक फीचर्स)




//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# विधवा महिला ने पति की दुकान पर जबरन कब्जे का आरोप लगाया

## एसडीएम को पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**धामपुर ( चिंगारी )।** पति की मौत के बाद परेशान एक महिला अपने दो छोटे बच्चों के साथ न्याय की आस लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। महिला ने उपजिलाधिकारी धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा को बताया कि उनकी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग पर स्थित दुकान उनके ससुर संजय सिंह के नाम है। उनकी मौत के बाद पति देवाशीष ठाकुर से एग्रीमेंट कर कुछ लोगों ने दुकान पर जबरन कब्जा कर लिया और उसका किराया भी नहीं दे रहे हैं। जबकि यही दुकान उनके परिवार की जीविका का एकमात्र सहारा है।

धामपुर के मोहल्ला क्षत्रियानगर निवासी प्रियंका राजपूत ने एसडीएम सुश्री स्मृति मिश्रा को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति देवाशीष ठाकुर की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो चुकी है। पति की मौत के बाद परिवार आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है और बच्चों के पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी अब उसके कंधों पर आ गई है। उनका आरोप है कि जगदीश शरण एंड संस के नाम से संचालित दुकान का अमित गुप्ता, पति से एग्रीमेंट करना बता रहे हैं जबकि उनके पास इसके कोई कागज भी नहीं है और वह दुकान का किराया भी नहीं दे रहे हैं।


पीड़ित महिला अपनी बात बताते हुए

उधर, अमित गुप्ता का कहना है कि संजय सिंह की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र देवाशीष ठाकुर द्वारा 10 वर्ष का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके दुकान उन्हें लीज पर दी गई है। अमित गुप्ता ने यह भी बताया कि देवाशीष ठाकुर की मृत्यु के पश्चात उनके रिश्तेदारों द्वारा दुकान खाली कराए जाने के लिए उनको जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है जिसकी वीडियो और ऑडियो फुटेज उनके पास मौजूद है।

### एसडीएम का कहना है..

उप जिलाधिकारी सुश्री स्मृति मिश्रा ने बताया कि मोहल्ला क्षत्रिय नगर निवासी प्रियंका राजपूत द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र की जांच की जाएगी तथा प्रशासन द्वारा जांच कर यथोचित विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि परिवार को किसी सहारे की आवश्यकता है तो उसकी हर संभव मदद भी की जाएगी।

# खटीमा और टनकपुर के बीच बनेगा भव्य सैन्य स्मारक

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खटीमा और टनकपुर के बीच एक भव्य सैन्य स्मारक भी बनाने जा रहे हैं, जिस पर जल्द ही कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने एक ओर जहां राजकीय महाविद्यालय खटीमा में एमकॉम और एमएससी की कक्षाएं शुरू कराई, वहीं जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय का संचालन भी प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि उधमसिंह नगर जनपद के किच्छा में 351 करोड़ रूपए की लागत से 100 एकड़ भूमि पर एम्स ऋषिकेश के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हम पंतनगर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा का निर्माण भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में अरोमा पार्क, काशीपुर में इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर और पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की है। वहीं, हम खुरपिया में इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी की स्थापना के माध्यम से इस पूरे क्षेत्र के विकास को गति देने का प्रयास भी कर रहे हैं। इसके साथ ही, हम लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से मानूनगर-गदरपुर से दिनेशपुर-मटकोटा होकर सीधे हल्द्वानी को जोड़ने वाले मोटर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य भी करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जहां एक ओर लगभग 590 करोड़ रुपए की लागत से रूद्रपुर बाईपास निर्माण करा रहे हैं, वहीं, रूद्रपुर को खटीमा-टनकपुर एवं गदरपुर-जसपुर से जोड़ने वाली चार लेन सड़कों का निर्माण भी करा रहे हैं।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643

# भारत स्वरूप अकादमी में हुआ DIET टीचर्स प्रशिक्षण का आयोजन

## आधुनिक शिक्षा तकनीकों की दी गई जानकारी

**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को नहटौर रोड पर गांव मीमला में स्थित भारत स्वरुप अकादमी में कल DIET टीचर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे DIET प्रवक्ता श्रीमती मेघा शर्मा व श्रीमती प्रीति रानी ने नई शिक्षा नीति, प्रभावी कक्षा प्रबंधन, विद्यार्थियों के मानसिक एवं शैक्षणिक विकास तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने गतिविधि आधारित शिक्षण और डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी शिक्षण क्षमता में वृद्धि होगी और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. लोकवीर सिंह, परवेंद्र सिंह एवं यश चौहान आदि मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती उपासना यादव ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि शिक्षकों को समय-समय पर नई शिक्षण विधियों से अवगत कराया जा सके।

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व पुत्री घायल



**धामपुर ( चिंगारी )।** भरी दुपहरी में दुर्गा विहार कॉलोनी के पास पीछे से आ रही एक रोडवेज बस द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से बाइक सवार पति-पत्नी और पुत्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। जानकारी अनुसार कुवर सेन (36 वर्ष) पुत्र केशव सेन निवासी नगला गन्ना उर्फ करनावाला अपनी पत्नी बबीता व बेटी सुनैना (12 वर्ष) को लेकर धामपुर मोबाइल सही कराने आया था। मोबाइल सही कराकर वह वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह दुर्गा विहार कॉलोनी के पास पहुंचा, तो तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कुंवर सैन, उसकी पत्नी और बेटी घायल हो गये। वहां से जा रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने कुंवर की हालत नाजुक देखते हुए उसको हायर सेंटर रैफर कर दिया। जबकि पत्नी वह बेटी के हल्की-फुल्की चोटे आई हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खगाल रही है।

# हरिद्वार में भारी जाम के चलते ऋषिकेश के कई पेट्रोल पंपों पर खत्म हुआ तेल

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** सोमवार सुबह तीर्थनगरी ऋषिकेश में कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति ठप होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई पंपों पर तेल खत्म होने के कारण बंद जैसी स्थिति रही, जबकि खुले पंपों पर पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थिति यह रही कि वाहन चालकों को अपनी बारी आने के लिए 25 से 30 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कत काम पर जाने वाले लोगों और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन चालकों को हुई। वहीं, पर्यटन सीजन के बीच पर्यटकों की यात्रा भी इससे प्रभावित होती नजर आई।

आपूर्ति निरीक्षक ऋषिकेश सुनील देवली ने बताया कि हरिद्वार में लगे भीषण जाम के कारण पेट्रोल-डीजल से भरे कई टैंकर रास्ते में फंसे हुए हैं। इसी वजह से ऋषिकेश के कई पेट्रोल पंपों पर आपूर्ति प्रभावित हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि आज शाम तक टैंकर ऋषिकेश पहुंच जाएंगे, जिसके बाद बंद पड़े पेट्रोल पंपों पर सामान्य रूप से पेट्रोल-डीजल मिलना शुरू हो जाएगा। आपूर्ति निरीक्षक ने क्षेत्रवासियों और पर्यटकों से घबराने की जरूरत नहीं बताते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है, केवल आपूर्ति प्रभावित होने से अस्थायी समस्या उत्पन्न हुई है।

# 25 वर्षों से गरीब, असहाय व जरूरतमंदों की सहायता करते आ रहे हैं 'बाबू भैया'

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के जाने माने समाजसेवी एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश रस्तोगी पिछले लगभग 20 से 25 वर्षों से लगातार समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं। नगर में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए उनका नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। योगेश रस्तोगी केवल राजनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सामाजिक और खेल गतिविधियों में भी उनकी विशेष भूमिका रहती है। क्रिकेट के क्षेत्र में उनका बड़ा योगदान माना जाता है। युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने के उद्देश्य से वह समय-समय पर क्रिकेट टूर्नामेंटों का आयोजन कराते रहते हैं, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।


बाबू भैया

भीषण गर्मी के इस मौसम में भी योगेश रस्तोगी लगातार 20 से 25 दिनों से फल चौक स्थित अपने प्रतिष्ठान के पास शरबत एवं ठंडे पेय पदार्थों का वितरण कराकर राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचा रहे हैं। वहीं सर्दियों में भी गरीबों के लिए कंबल एवं जरूरत की वस्तुओं का वितरण कर मानवता की मिसाल पेश करते हैं। नगर के लोगों का कहना है कि योगेश रस्तोगी हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़े रहते हैं और समाज सेवा को ही अपना सबसे बड़ा धर्म मानते हैं। उनके कार्यों से युवा पीढ़ी भी प्रेरणा ले रही है। उन्होंने बताया कि ईद उल अजहा के त्योहार पर उनकी ओर से नगीना मार्ग पर गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बाहर कैंप लगाकर मुस्लिम भाइयों का स्वागत किया जाएगा।

# 30 को आ रहे हैं मुख्यमंत्री योगी सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होंगी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी 30 मई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास खंड अफजलगढ़ के ग्राम आलमपुर गांवड़ी क्षेत्र में संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में तैयारियों संबंधी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ करें तथा कार्यों की प्रगति से नियमित रूप से अवगत कराते रहें। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्वीकृति-पत्र वितरित करेंगे। इसके लिए लाभार्थियों की सूची सुव्यवस्थित रूप से तैयार की जाए तथा उन्हें मंच तक लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिन योजनाओं एवं परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास प्रस्तावित है, उनकी विभागवार सूची पूर्ण विवरण सहित तैयार करने के निर्देश भी दिये गये।



बैठक में हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सेफ हाउस एवं पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य इंतजाम मानकों के अनुरूप तैयार करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडी, दिनकर भारती सहित लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बार अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने जजी में लगवाया नया वाटर कूलर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी बिजनौर की ओर से अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए जजी परिसर में नया वाटर कूलर स्थापित कराया गया। सोमवार को वाटर कूलर का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व डीजीसी हजूर महेंदी जैदी व जिला बार अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिला बार अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार ने बताया कि अधिवक्ता साथियों को गर्मी के मौसम में राहत देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। अधिवक्ताओं ने बार अध्यक्ष के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे उपयोगी पहल बताया। उन्होंने कहा कि जजी परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार ने पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास एवं 28 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण राजपूत के अनुसार कोतवाली शहर थानांतर्गत ग्राम निजामत पूरा निवासी विक्रम सिंह पुत्र वीर सिंह की बहन जयवती की शादी 2017 में नूरपुर थानांतर्गत ग्राम धमरौला निवासी सोमपाल पुत्र रामावतार के साथ हुई थी। जयवती के ससुराल वाले जयवती को दहेज के लिए परेशान करते थे। इस कारण जयवती अपने मायके आई हुई थी। करीब दस दिन बाद 7 अगस्त 2019 को शाम के सात बजे सोमपाल अपनी ससुराल आया और जयवती को गंज में मेला दिखाने ले गया और गंज से सोमपाल जयवती के भाई अरविंद को भी अपने साथ ले गया। लेकिन वापस नहीं आया। न ही दोनों बहन-भाई वापस आए। अगले दिन दोनों भाई-बहन जयवती और अरविंद के शव गन्ने के खेत में पड़े मिले। इस दोहरे हत्याकांड के कारण गंज में मेले में अफरा-तफरी मच गई। इस मामले में जयवती के भाई विक्रम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार ने पत्नी जयवती की हत्या का अपराध सिद्ध होने पर उसके पति सोमपाल को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन काराकास एवं 28 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# नारकोटिक्स एक्ट में नवाब की जमानत अर्जी निरस्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम अपर जिला व सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत नबाब अली की जमानत याचिका निरस्त कर दी है। विशेष लोक अभियोजक रितेश चौहान के अनुसार एनसीबी देहरादून की टीम ने नगीना थानांतर्गत ग्राम गंगवाली निवासी नबाब अली पुत्र मोहम्मद हुसैन को 10 मई 2026 को नगीना से 43500 किलो ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत जमानत का पर्याप्त आधार न पाकर नबाब अली की जमानत याचिका निरस्त कर दी है।

# बीमा योजनाओं का नवीनीकरण करा लें 31 मई तक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अखिल कुमार सिंह ने बैंक ग्राहकों से अपील करते हुए कहा है कि भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का नवीनीकरण 31 मई तक अवश्य करा लें, ताकि बीमा सुरक्षा की निरंतरता बनी रहे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर मात्र 436 रुपये प्रतिवर्ष में उपलब्ध है। इस योजना में 18 से 50 वर्ष तक के लोग शामिल हो सकते हैं। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर केवल 20 रुपये प्रतिवर्ष में मिलता है, जिसमें 18 से 70 वर्ष तक के लोग शामिल हो सकते हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि जिन खाताधारकों ने दोनों योजनाओं में नामांकन करा रखा है, वे 25 मई से 31 मई के बीच अपने खाते में कम से कम 500 रुपये का बैलेंस अवश्य बनाए रखें, ताकि प्रीमियम की राशि स्वतः कट सके और बीमा योजना का नवीनीकरण समय पर हो जाए।



# डॉ. सुधांशु चौधरी ने अब चिकित्सा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी माइल स्टोन स्थापित किया

-विपिन भारद्वाज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुगर बाउल के नाम से विख्यात जनपद बिजनौर शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। सरकारी मेडिकल कॉलेज के साथ कई मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुल गये हैं और लगातार खुल रहे हैं। महानगरों के प्रख्यात अनुभवी व योग्य चिकित्सक हफ्ते में एक-दो दिन रूककर अपनी सेवायें दे रहे हैं। ऐसे ही एक चिकित्सक का नाम है गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी **MS (Anorectal Surgeon)** जो अब चिकित्सा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्ती भूमिका का निर्वहन करने जा रहे हैं। उन्होंने आईआईटी व नीट्स की तैयारियों के लिये देश की विख्यात Scholars Academy की स्थापना बिजनौर में की है।



बवासीर, भगंदर, फिशर रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को बैराज रोड बिजनौर स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर व प्रत्येक शुक्रवार को बास्टा में श्री साईं हॉस्पिटल में बैठकर क्षेत्र के रोगियों का उपचार करते हैं। डॉ. सुधांशु के अनुसार गुदा रोग कोई शर्म अथवा संकोच का विषय नहीं है, बहुत से मरीज इसी के चलते अपना रोग बढ़ा लेते हैं। उनका दावा है कि यदि रोग के प्रारंभिक चरण में ही रोगी उनके पास आ जाता है, तो मात्र 10 दिनों में उसकी रिकवरी हो जाती है। उनके यहां उपलब्ध नयी तकनीक में बिना आप्रेशन, बिना अस्पताल में भर्ती किये पूर्णत: सुरक्षित व आधुनिक, तुरंत रिकवरी के साथ उपचार किया जाता है। इस नयी तकनीक की सबसे बड़ी खासियत है कि जीवन में यह रोग, दोबारा नहीं होता तो अब अपने दर्द और परेशानी को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें, संकोच और घबराट को छोड़कर तुरंत सीधे अथवा मो. 7302127966, 9411226422, 9871884104 पर संपर्क करें।



## Scholars Academy अब बिजनौर में

### IIT, NEET के लिये अब बाहर जाने की जरूरत नहीं

आईआईटी व नीट्स की तैयारी करने वाली देश की प्रतिष्ठित संस्था Scholars Academy का सेंटर अब बिजनौर में ही खुल गया है। जनपद के युवाओं के लिये यह तोहफा लेकर आये डॉ. सुधांशु चौधरी। उनके अनुसार छोटे नगरों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है बस उन्हें उचित मार्गदर्शन करने की। अब युवा पीढ़ी के सपने साकार अपने ही नगर में पूरा करने का बीड़ा उठाया है। डॉ. सुधांशु ने बैराज रोड मित्तल पेट्रोल पम्प के पास स्थित Scholars Academy में IIT, JEE, NEET परीक्षाओं को फाउंडेशन तथा बेस मजबूत करने के लिये कक्षा 8 से 12 की शिक्षा के लिये प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सेंटर प्रबंधक शाहनवाज खां ने बताया कि अनुभवी व योग्य शिक्षकों द्वारा प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान के साथ संपूर्ण मार्गदर्शन व सहयोग किया जाता है। बेहतर परिणाम के लिये समार्ट क्लास रूम, डिजिटल लर्निंग और स्टैडी मैटेरियल आदि सुविधायें भी उपलब्ध करायी जाती हैं। एक बार सेंटर का विजिटल अवश्य करें अथवा मो. 955799804 पर संपर्क करें।

SCHOLAR'S ACADEMY
IIT | MEDICAL | FOUNDATION

# विलक्षण प्रतिभा के धनी थे पंडित ललित शर्मा

## प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

चेहरे पर अलौकिक तेज, होंठों पर सदा रहने वाली मंद मुस्कान और वाणी में साक्षात सरस्वती का वास... आपका संपूर्ण जीवन ज्ञान, सादगी, धर्म और निस्वार्थ सेवा का एक दिव्य उदाहरण रहा। ज्योतिष के गूढ़ रहस्यों पर आपकी अद्भुत पकड़, शास्त्रों का गहन अध्ययन और भविष्य को सहजता से समझ लेने की विलक्षण क्षमता आपको एक साधारण विद्वान नहीं, बल्कि एक दिव्य दृष्टा बनाती थी। आपने अपने ज्योतिष ज्ञान को केवल विद्या नहीं, बल्कि जनकल्याण का माध्यम बनाया। असंख्य लोगों के जीवन में आपने अपने मार्गदर्शन से आशा, साहस और नई दिशा का प्रकाश फैलाया।



आपकी वाणी में ऐसा अपनापन था कि हर व्यक्ति अपने दुःख भूलकर आपके पास से संतोष और सकारात्मक ऊर्जा लेकर लौटता था। आपकी मधुर सुगंध, सरल स्वभाव और वह हंसमुख व्यवहार आज भी हम सबके कण-कण में जीवंत है। आपका व्यक्तित्व वास्तव में अद्वितीय था – जीवन की हर परिस्थिति में मुस्कुराते रहना और हर मिलने वाले को अपना बना लेना ही आपकी सबसे बड़ी पहचान थी।

भले ही आप आज भौतिक रूप से हमारे बीच उपस्थित नहीं हैं, किन्तु आपका सूक्ष्म आशीर्वाद, आपका दिया हुआ ज्ञान, आपके संस्कार और आपकी पावन स्मृतियां सदैव हमारे हृदय में जीवित रहेंगी। आपने जो ज्योतिष, धर्म और मानव सेवा का दीप प्रज्वलित किया, वह आने वाली पीढ़ियों को भी सदैव प्रकाश देता रहेगा। आपके दिखाए ज्योतिष, सत्य, सेवा और सनातन धर्म के मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ, आपको कोटि-कोटि नमन।

-पंडित अभिलाष शर्मा एवं समस्त विष्णुलोक परिवार


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3
कालागढ

निविदा सूचना संख्या-20/ई.ई./के.भ.ख.-3/2026-27

पत्रांक : 1172/के.भ.ख.-3/निविदा    दिनांक : 19/05/2026

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहरबंद पृथक-पृथक निविदाएं उत्तर प्रदेश सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 03-06-2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । प्राप्त निविदाएं दिनांक 03-06-2026 को प्रमुख अभियन्ता (सज्जा एवं सामग्री प्रबंध), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ.प्र., लखनऊ द्वारा गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 2:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3, कालागढ के कार्यालय में खोली जायेंगी । निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति होने पर निविदा खुलने के समय में कोई भी परिवर्तन किया जाना सम्भव नहीं होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में यह निविदा अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेंगी। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनाँक 27-05-2026 पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनाँक 02-06-2026 अपराह्न 4:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित मूल्य भुगतान कर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि, एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्यों के सम्बन्ध में विशेष शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी ।

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खो बैराज शेरकोट हेतु केबिल एवं सेंट्रल इलेक्ट्रिक पैनल आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य | 5.34 | 11,000.00 | 60 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 2. | खो हैड रेगुलेटर के प्लमर ब्लॉक प्रतिस्थापना का कार्य | 6.78 | 14,000.00 | 60 दिवस | 225.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 3. | खो बेक रेगुलेटर के प्लमर ब्लॉक प्रतिस्थापना का कार्य | 4.52 | 9,500.00 | 60 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 4. | खो बैराज शेरकोट हेतु एलईडी लाइट आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य | 4.61 | 9,500.00 | 60 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |
| 5. | खो हैड रेगुलेटर हेतु एलईडी लाइट आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य | 2.58 | 5,200.00 | 60 दिवस | 150.00 + 18% जी.एस.टी. (500 रू. स्टेशनरी चार्ज) | 'ए' श्रेणी यॉत्रिक/विद्युत सिंचाई विभाग |

यह निविदा सूचना वैबसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वैबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है । निविदा प्रपत्र इच्छुक ठेकेदार अथवा फर्म/ठेकेदार द्वारा) 1 (पंजीकरण प्रमाण-पत्र ,(2) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र) I.D.T.-1),(3) हैसियत प्रमाण पत्र )I.D.T.-2),(4) स्वघोषणा प्रमाण-पत्र) I.D.T.-3),(5) जी.एस.टी .रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं फर्म/ठेकेदार द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को फोटोयुक्त अधिकार-पत्र जिसमें प्रतिनिधि का हस्ताक्षर प्रमाणित किया हुआ हो ,अधिशासी अभियन्ता ,केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 ,कालागढ के कार्यालय में निर्धारित अवधि में उपरोक्त शुल्क सहित जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी अधिशासी अभियन्ता ,केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3 ,कालागढ के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है ।

(मनोज कुमार गौड़)
अधिशासी अभियन्ता
केन्द्रीय भण्डार खण्ड-3,कालागढ

R.O.No. 251567 Date: 22-05-2026
UPID.www.upgov.nic.in

# जोगीपुरा दरगाह पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ सालाना मजलिसों का समापन



नजीबाबाद (चिंगारी)। विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीपुरा पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से चार दिवसीय सालाना मजलिसों का समापन हो गया। सालाना मजालिसों का देर रात दरगाह प्रशासक मौलाना शबाब हुसैन नकवी ने समापन का ऐलान किया। इस मौके पर उन्होंने दूर दराज व देश के कोने-कोने से आये जायरीनों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि अगर किसी जायरीन को कोई परेशानी हुई हो तो इसके लिए वह उनसे माजरत चाहते है। प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने दरगाह परिसर मे ड्यूटी दे रहे शासन-प्रशासन के अधिकारियो का भी सालाना मजलिसों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले की मेहरबानी से सालाना मजलिसों के दौरान मौसम बिल्कुल साफ रहा, इस साल मजलिसों के चलते ना कोई आंधी ना ही बारिश पड़ी, जायरीन अपने सामान व परिवार के साथ टैंटों में पूरी तरह से सुरक्षित रहे। दरगाह कमेटी के सदस्य पानी, बिजली, साफ सफाई, टॉयलेट की धुलाई आदि के कार्य में लगे रहे। शिया धर्म गुरु अल्लामा कल्बे जव्वाद की सरपरस्ती एवं शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली जैदी के निर्देशन में सालाना मजलिसो का कार्यक्रम पूरी तरह से चैन के साथ सम्पन्न हुआ। प्रोग्राम के कोआर्डिनेटर मौलाना डॉक्टर शफीक हुसैन शफक ने प्रोग्राम को बहुत ही सुसज्जित रूप से सजाया व संवारा तथा पंडाल से बेहतरीन संचालन नासिमुल बाकरी ने किया। प्रोग्राम को सफलता पूर्वक कराने के लिये प्रशासक शबाब हुसैन नकवी, पूर्व दरगाह अध्यक्ष चौधरी उरूज आलम, मौलाना फिरोज नकवी, मौलाना सलमान, चौधरी फैजान, चौधरी सीरत, जिया अब्बास, मोमीन रजा, नय्यर जैदी, ताबिश मिर्जा, मीर सादिक, प्रबंधक हुसैन मेहंदी, नजमी नकवी, सईद नकवी, शब्बन प्रधान, अब्बास नकवी, मोहम्मद मिया, मौहम्मद नकवी, शावेज नकवी, नवाब आब्दी, जौन आब्दी, जाफर मेहंदी, पप्पू जैदी, राजा जैदी, नदीम अब्बास, आदि का विशेष योगदान रहा।

# बड़े मंगलवार पर सनातन मंदिर की ओर से राहगीरों को पिलाया शरबत

बिजनौर (चिंगारी)। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच बड़े मंगलवार के अवसर पर शक्ति नगर साईं विहार कॉलोनी स्थित सनातन मंदिर की ओर से पहली बार छबील लगाकर शरबत वितरण किया गया। मंदिर समिति एवं कॉलोनीवासियों ने मिलकर राहगीरों, वाहन चालकों, मजदूरों और जरूरतमंद लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। दोपहर के समय जब गर्मी चरम पर थी, तब मंदिर समिति के सदस्यों ने कॉलोनी के मुख्य गेट के बाहर शिविर लगा कर राह चलते लोगों को रोककर शरबत पिलाया।भीषण गर्मी और लू के बीच इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारों के साथ सेवा कार्य में हिस्सा लिया। युवाओं और महिलाओं ने भी शरबत वितरण में सहयोग किया। कई लोग व्यवस्था संभालते नजर आए। कुछ लोग आने-जाने वालों को शरबत पिलाने में जुटे रहे। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि बड़े मंगलवार और एकादशी के उपलक्ष्य में यह सेवा कार्य आयोजित किया गया। गर्मी को देखते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से छबील लगाने का निर्णय लिया गया। पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों का भरपूर सहयोग मिला। इस दौरान आभा सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी, अनुपम गर्ग, हर्षित अग्रवाल, संजय गुर्जर, गौरव चौहान, कपिल कुमार, हिमांशु सेमवाल, अरुण कुमार और राहुल आदि मौजूद रहे।



# संत नामदेव महाराज की स्मृति में अधिवेशन संपन्न, झंडे की शोभायात्रा निकाली गई



नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री नामदेव कमेटी नजीबाबाद द्वारा संत शिरोमणि श्री 1008 महर्षि श्री नामदेव जी महाराज की स्मृति में 49 वां वार्षिक अधिवेशन स्थानीय नामदेव धर्मशाला एवं शिव मंदिर में श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित शिवकुमार कर्णवाल द्वारा हवन-पूजन से कराया गया। नामदेव समाज के लोगों ने हवन यज्ञ में आहुति देकर विश्व शांति की कामना की। कमेटी अध्यक्ष मदन गोपाल टांक (सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य) ने बताया कि यह शुभ स्थान है जहां वर्षों से राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली समेत दूर-दूर से स्वजातीय बंधु सपरिवार आकर अपने इष्ट गुरु श्री नामदेव जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित करते हैं। 49 वें वार्षिक उत्सव की अध्यक्षता वेद प्रकाश मोहम्मदपुर देवमल एवं संचालन श्री नामदेव कमेटी अध्यक्ष मदन गोपाल टांक व कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मंच पर अनिल बेदी देहरादून, राकेश आर्य देहरादून, नकुड़ नामदेव कमेटी अध्यक्ष सुरेश कुमार नामदेव, कुंवरपाल सिंह लक्सर, महेंद्र कुमार नामदेव गंगोह, बृजेश कुमार मेरठ, मनोज कुमार टांक, श्रीमती रक्षा नामदेव सहारनपुर, भाजपा उपाध्यक्ष रजनीश नामदेव शामली, कुलदीप वर्मा देहरादून, दिनेश नामदेव, शालू वर्मा नामदेव, नीतू बेदी, रोहिल्ला टांक क्षत्रिय महासभा दिल्ली के प्रधान दयानंद रोहिल्ला, महासचिव राजबीर रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष ईश्वर सिंह रुहेला, सदस्य चंद्र प्रकाश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान प्रकाशदीप जोली ने झंडे की बोली लगाकर झंडा उठाने का सौभाग्य प्राप्त किया। नामदेव मंदिर से झंडे की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुन: नामदेव मंदिर पर आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में जयप्रकाश जोली का पूरा परिवार व भारी संख्या में नामदेव समाज से जुड़े श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मनोज टांक, पीयूष टांक महामंत्री, उज्जवल टांक उप मंत्री, प्रशांत कुमार कोषाध्यक्ष, अतुल कुमार, सुशील टांक, पंकज कुमार टांक, सोनू आदित्य, तरुण शंकर, अमित टांक, संजय टांक, शिवम, पवन कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## नाम परिवर्तन सूचना

पहले मेरा नाम सिंह माधुरी राम खिलाड़ी था अब मैने अपना नाम बदलकर माधुरी सिंह पत्नी कृष्णकान्त राहुल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**- माधुरी सिंह पत्नी कृष्णकान्त राहुल निवासी 4/11 फ्रेंड्स कॉलोनी शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद, उप्र**

# बच्चों ने गर्मी में जमकर समर कैम्प का लुत्फ उठाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 18 मई से समर कैम्प का आयोजन किया गया। 23 मई को कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 01 तक के बच्चों को कहानी के माध्यम से मनोरंजन कराया गया। जिसमें बच्चे बहुत खुश हुए तथा कक्षा दो से नवीं तक के बच्चों ने अध्यापको के संज्ञान मे अग्नि रहित खाद्य सामग्री बनाई, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता की। बच्चो को रेन डांस भी कराया गया। जिसका बच्चों ने बहुत लुत्फ उठाया। छोटे-छोटे बच्चो की पूल पार्टी भी कराई गई। जिसमें बच्चे बहुत खुश हुए। इस अवसर पर सभी अध्यापक वर्ग ने भी बच्चों के साथ अपना मनोरंजन किया। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चैहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह व उप प्रधानाचार्या सुनिता सिंह के सांनिध्य में बच्चों को प्रतिदिन जलपान की व्यवस्था भी कराई गई। समर कैम्प का समापन किया गया। बच्चो का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया।

## आज का विचार

# पैदल जाओ, तेल बचाओ

**- महेंद्र कुमार शर्मा, हल्दौर**



आज का इंसान भौतिकता की चकाचौंध में अपना जीवन समर्पित कर रहा हैं। ऊंचे ऊंचे मकान समस्त ऐशोआराम की वस्तुएं वंही उसका जीवन बन गई हैं, परन्तु इन वस्तुओं को प्राप्त कर इंसान कभी सुखी नहीं हो सकता हैं। एक जमाना था कि लोग वास्तविक जीवन जीते थे, उनको किसी बात का तनाव न नहीं था, जैसे-जैसे सुविधाएं बड़ी और इंसानों का जीवन भी वास्तविक न होकर नकारात्मक हो चला। हर नियम में कमी निकालना, हर इंसान में कमी निकालना ही उसका उद्देश्य बन गया हैं। इस परिवेश में कुछ पेट्रोलियम वस्तुएं बाहर से आती हैं जैसे पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस आदि। यह सभी खाड़ी के देशों से आती हैं। अब पूरी दुनिया में हाहाकार मच रहा हैं। कारण अमेरिका- इजरायल और ईरान का युद्ध का होना हैं। स्वाभाविक है कि इन वस्तुओं की कमी होना शुरू हो गई है परंतु लोग इसको भी राजनीतिक दृष्टि से आंक रहे हैं। ऐसी विकट स्थिति में हम सभी को सरकार का साथ देना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी कहा है कि पेट्रोल डीजल को बचाओ और सप्ताह में दो दिन पैदल जाकर अपनी ड्यूटी करो। लगातार मोटरसाइकिलो व कारो आदि का बढ़ना भी आम बात हो गई हैं। लोग इसके बगैर रह नहीं सकते हैं इसी कारण तरह-तरह की बीमारियां लोगों को लगने लगी हैं- जैसे ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन, शुगर आदि। हार्ट अटैक भी अब आम बात हो गई हैं।

अब यही दूसरे पक्ष की और बात करें तो पेट्रोल डीजल का धुआं हमारे पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा हैं। शहरों नगरों में तो सांस लेना भी मुश्किल हो चला हैं। इन सभी का हमारे शरीर पर दूषित प्रभाव पड़ रहा हैं। हमें पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन भी नहीं मिल पा रही हैं। इसी तरह अगर हम सोना (गोल्ड) की बात करें तो यह भी दूसरे मुल्क से आता हैं। इन सभी ऐशोआराम की वस्तुओं के बगैर भी इंसान जी सकता हैं। अगर स्वास्थ्य अच्छा है तो तभी यह वस्तुएं आराम देती हैं। इन सभी का हमारे स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी ने भी सोना न खरीदने की अपील की थी साथ ही लाल बहादुर शास्त्री ने भी जब देश में अनाज का अकाल जैसा समय हो गया था। तब उन्होंने कहा था एक दिन का उपवास (भूखे रहना) रखो। एक दिन के उपवास से न जाने कितना अन्न बचेगा। आइये हम अपने भौतिक सुखों के लिए अपना बहुमूल्य शरीर को स्वस्थ रखें और दूसरों को भी प्रेरणा दें।

# सरकार की गाइड लाइन के अनुसार करें कुर्बानी : थाना प्रभारी

## शांति समिति की बैठक का आयोजन



**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** थाना नगीना देहात रायपुर प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने आगामी त्यौहार बकरीद (ईद-उल-अजहा) शांति व सावधानीपूर्वक मनाए जाने की अपील की। बैठक में धर्मगुरुओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौधरी ने की। उन्हीने ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से ईद का त्यौहार शांति पूर्वक मनाए जाने की अपील की। शैलेंद्र चौहान ने कहा कि कुर्बानी खुली जगह पर न करें। कुर्बानी की जगह पहले से निर्धारित है। वहीं कुर्बानी की जाये। कुर्बानी के अवशेष गड्डा खोदकर दबाए। मांस को ढक कर ले जाएं और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना करें। फोटो वीडियो शूट ना करे। थाना प्रभारी ने कहा कि अक्सर त्यौहारों पर युवक बाइक स्टंट करते हैं और हाई स्पीड बाइक चलाते हैं, हर साल ऐसे कई हादसे होते हैं। इसके अतिरिक्त शरारती तत्व त्यौहारों के मौकों पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहना है और तुरंत पुलिस को सूचना देनी है। ऐसे लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी बाइक पर चलते समय हेलमेट का उपयोग जरूर करें।

बैठक का संचालन पत्रकार कफील सिद्दीकी ने किया बैठक मे किसान यूनियन लोक जन शक्ति के जिला महामंत्री गुरुपेश, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, कुंवर प्रशांत सिंह, कुंवर गिरिराज सिंह उर्फ बिट्टू,पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम,कुंवर देशराज सिंह, भाजपा नेता हेमराज चौहान, हिमांशु चौहान, पत्रकार राहुल पंडित, नूर हसन, रविंद्र कुमार, भारतीय जनता पार्टी से रायपुर मंडल अध्यक्ष सहदेव, मोहम्मद रियासत अली, मोहम्मद वसीम, नईम अहमद एडवोकेट, नफीस अहमद, ग्राम प्रधान अशरफ अंसारी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामावतार शर्मा, बबलू आदि मौजूद रहे।

## संजीव चौधरी के आवास पर पहुंचे राकेश टिकैत

**नहटौर ( चिंगारी )।** रविवार की देर रात्रि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश चौधरी ने खजूराजट में संजीव चौधरी के आवास पर पहुंच कर उनके भाई एवं पुत्र की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन संजीव कुमार के साथ है। बता दे कि तीन माह पहले झालू रोड पर बिलाई के पास भारतीय किसान यूनियन के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार के पुत्र भानु एवं भाई की बाइक पर तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी थी, जिसमें दोनों की मौत हो गयी थी। इस अवसर पर भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, जिला प्रवक्ता, चौधरी राजेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, जिला कार्यालय सचिव रोहित राणा, दिलशाद अहमद, नौशाद, इताअत हुसैन आदि उपस्थित रहें।

## लखनऊ के पास हुए सड़क हादसे में भोगनवाला के दो लोगों की मौत, गांव में शोक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंज क्षेत्र के ग्राम भोगनवाला के दो लोगों की लखनऊ के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में चीख पुकार मच गई तथा पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



मृतक जैनुल व रईस के फाईल फोटो

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भोगनवाला निवासी रईस उर्फ मारुति माल ढुलाई का कार्य करता था। उसके पास बड़ा ट्रक था, जिसे वह किराये पर चलाता था। बताया गया है कि रईस बिहार से मक्का भरकर वापस लौट रहा था। इस दौरान गांव का ही जैनुल पुत्र मुश्ताक भी उसके साथ ट्रक में मौजूद था। हादसे में मरे रईस की उम्र करीब 38 वर्ष तथा जैनुल की उम्र लगभग 28 वर्ष बताई गई है। दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

## बीसीए प्रथम सेमेस्टर में अज़का अजमल, हर्षलता व नियति ने टॉप किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेज के बीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के बीसीए प्रथम सेमेस्टर में अजका अजमल ने 77.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम, हर्षलता ने 75.57 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा नियति ने 73.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



तीनों टॉपर छात्रों ने अपनी इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत, अपने माता-पिता तथा अपने शिक्षकों का योगदान बताया। नार्थ इंडिया कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन की प्राचार्या डॉ0 नीलावती, डॉ0 नवनीत राजपूत एवं क्लास कोऑर्डिनेटर विवेक राजपूत सहित सभी शिक्षको ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये कहा कि तीनो लड़कियों का कक्षा में उच्च स्थान हम सभी के लिए गर्व का विषय हैं। बीसीए की विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी चौहान ने बताया कि कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान समय में असीम संभावनाओं का क्षेत्र बनकर उभर रही है। इस अवसर पर नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल एवं कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान सहित सभी शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## गोवर्धनपुर नाबका में लगा गंदगी का अम्बार, बीमारियां फैलने का अंदेशा

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम नाबका उर्फ गोवर्धनपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह बदहाल बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में जगह-जगह गंदगी और नालियों में जमा कूड़े-कचरे के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो गांव में गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। उन्होंने मांग की कि गांव की नालियों की नियमित सफाई कराई जाए तथा फॉगिंग और दवा छिड़काव की उचित व्यवस्था भी की जाए, ताकि मच्छरों और गंदगी से लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान मोहम्मद यामीन प्रधानाध्यापक, मास्टर नफीस अहमद, मास्टर नौशाद, दिलशाद, खुर्शीद, बाबूदीन, कैलाश, मनोज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि गांव की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना बेहद जरूरी है, ताकि गांव को स्वच्छ और बीमारियों से मुक्त बनाया जा सके।



## नजीबाबाद के मेजर दानिश फारूकी राजस्थान में सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद निवासी एवं भारतीय सेना में विधि अधिकारी के पद पर कार्यरत मेजर दानिश फारूकी को राजस्थान के बालोतरा में आयोजित शैक्षिक कॉन्फ्रेंस एवं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इकरा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया, जिसमें शिक्षा, समाजसेवा एवं प्रतिभा सम्मान को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अपने संबोधन में मेजर दानिश फारूकी ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, आत्मसम्मान व राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, कौशल, अनुशासन व चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में वही समाज आगे बढ़ेगा जो शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएगा। मेजर फारूकी ने छात्राओं की शिक्षा को समाज की प्रगति की कुंजी बताते हुए कहा कि अगर मां शिक्षित होगी तो पूरा समाज शिक्षित होगा। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं तथा समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने मेजर दानिश फारूकी के प्रेरणादायी विचारों की सराहना करते हुए उन्हें युवाओं के लिए एक सकारात्मक रोल मॉडल बताया। कार्यक्रम के समापन पर इकरा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेजर दानिश फारूकी सहित सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।




दानिश फारूकी को सम्मानित करते हुए।

# ठेका प्रथा बंद करो

## स्थायी नियुक्ति की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन

बिजनौर ( चिंगारी )। ठेका एवं संविदा सफाई कर्मियों को स्थायी किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को वाल्मीकि समाज के महिला और पुरुषों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हाथों में झाड़ू लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा कि वर्षों से सफाई कर्मी ठेका और संविदा व्यवस्था में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से सफाई कर्मियों का शोषण हो रहा है और सरकार द्वारा उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि वाल्मीकि समाज लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का समर्थक रहा है, लेकिन वर्ष 2014 से अब तक सफाई कर्मियों को कोई विशेष लाभ नहीं मिल पाया है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बिजनौर जिले की 12 नगर पालिकाओं और 6 नगर पंचायतों में कार्यरत ठेका एवं संविदा सफाई कर्मचारियों को जल्द नियमित किया जाए। साथ ही उनके वेतन और अन्य सुविधाओं में भी सुधार किया जाए।

वाल्मीकि समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में हड़ताल करने की भी चेतावनी दी। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व पवन कुमार घाघट, अमरदीप, विशाल पारचा, बबलू, संजय बागड़ी, कुनाल बाल्मीकि, मगन बाल्मीकि, रुपेश कुमार, सोनू सूद, कृष्ण कुमार, राजा सिद्दीकी, कुलदीप, रवि सूद, राहुल, रतनराज, अरविंद पवार, रवि कुमार, अश्वनी हल्दौर, राजन किरतपुर, रेनू, गीता, कुसुम, बबली, सरोज, सुशीला, ओमवती, राजो, रेखा आदि ने किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में महिला और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# गंगा दशहरा और ईद-उल-जुहा को लेकर प्रशासन सतर्क



## एडीएम अंशिका दीक्षित ने सफाई, पेयजल और जल निकासी व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )। गंगा दशहरा एवं ईद-उल-जुहा पर्व को शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) अंशिका दीक्षित ने सोमवार को नगर पालिका परिषद बिजनौर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।**

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने नगर क्षेत्र में नालों और नालियों की तलछट सफाई कार्य का जायजा लिया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर क्षेत्र के कुल 23 नालों की सफाई कराई जा रही है, जिसे 30 जून 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। कुछ स्थानों पर नालों से निकाली गई सिल्ट सड़क किनारे पड़ी मिलने पर एडीएम ने नाराजगी जताई और तत्काल उसका निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सड़कों या नालों के किनारे कूड़ा और सिल्ट जमा नहीं रहने चाहिए।

उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां आवश्यकतानुसार पंप लगाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 19 पामर गंज (सब्जी मंडी) में कूड़े के ढेर पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई कराने और कूड़े का उचित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। नगर में 81 वाटर कूलर और 695 हैंडपंप स्थापित हैं, जिनमें से 22 हैंडपंप खराब पाए गए हैं। इस पर एडीएम ने सभी खराब हैंडपंपों को तीन दिन के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिये।

# गंगा दशहरा पर वरिष्ठ नागरिकों ने राहगीरों को पिलाया शरबत



बिजनौर ( चिंगारी )। वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश बिजनौर द्वारा सिविल लाइन्स में न्यू शिवाशीष मेडिकोज के निकट भयंकर गर्मी में राहगीरों को गर्मी से राहत पहुंचाने हेतु गंगा दशहरा के अवसर पर शरबत पिलाया गया। धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता तथा कौशल कुमार वर्मा के संचालन में परिषद के सदस्यों आदेश कुमारी शर्मा, हीरा देवी, बीआर मेहरा, सुषमा अग्रवाल, श्रीमती सुशीला देवी, टीकम सिंह, अर्जुन कुमार अग्रवाल, संजीव नंदा, विनीता नंदा आदि ने राहगीरों को शर्बत पिलाया। न्यू शिवाशीष मेडिकोज के स्वामी संजीव कुमार शर्मा ने परिषद के कार्य में पूर्ण सहयोग किया। इस कार्य में राजवीर सिंह एडवोकेट, सार्थक शर्मा, अविरल शर्मा, सौम्या शर्मा, धारा शर्मा, पप्पू, बबीता शर्मा, सुशांत शर्मा, इन्द्रदत्त शर्मा, शैली पंडित आदि का विशेष योगदान रहा।

# क्याकिंग कैनोइंग के आठ खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना



अम्हेड़ा ( चिंगारी )। अम्हेड़ा स्थित सरदार अमृत सरोवर क्याकिंग कैनोइंग केंद्र से आठ खिलाड़ी राष्ट्रीय जूनियर खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

अम्हेड़ा स्थित क्याकिंग केनोइंग वॉटर स्पोर्ट्स के 10 खिलाड़ी कुछ दिन पूर्व प्रयागराज में हुए नेशनल जूनियर, सब जूनियर खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दिए ट्रायल में शामिल हुए थे, जिनमें से आठ खिलाड़ी चयनित हुए। सोमवार को सभी आठ खिलाड़ी सोनी, तरुण कुमार, आदर्श, हर्ष कुमार, अक्षित कुमार, मोहम्मद ओवैस, मोहम्मद असद, तन्मय धीमान कोच फिरोज खान के साथ राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि 12 जून से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता क्याकिंग कैनोइंग छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी, इससे पूर्व सभी खिलाड़ी प्रयागराज में प्रतियोगिता की तैयारी करेंगे।

जिला खेल अधिकारी राजकुमार ने कहा कि अमृत सरोवर में पानी भरवाया था, लेकिन अत्यधिक गर्मी के चलते पानी जल्दी सूखकर कम हो जाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में निश्चित रूप से जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर डिप्टी सीएम को दिया ज्ञापन

बिजनौर ( चिंगारी )। जिला बार एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को ज्ञापन देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को सस्ता, सरल व शीघ्र न्याय दिलवाने हेतु पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच के औचित्य को राजनीतिक स्तर व विधानसभा और संसद के पटल पर भी स्वीकार कर लिया गया है। इसके औचित्य को किसी भी स्तर पर नकारा नहीं जा सकता। यह आंदोलन 50 वर्षों से पश्चिम उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता चला रहे हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि प्रयागराज में करोड़ों वाद लम्बित हैं, जिनका निस्तारण पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना के बाद ही शीघ्रता से किया जा सकता है।



# पत्नी मायके से नहीं लौटी तो पति ने फांसी लगा ली, मौत


मृतक का शोकाकुल परिवार

**गंज (चिंगारी)। पत्नी के मायके से वापस ससुराल न लौटने पर पति ने फांसी लगाकर जान गंवा दी।**

ग्राम दारानगर निवासी इंतजार (28 वर्ष) पुत्र अब्दुल खालिक की शादी 8 वर्ष पूर्व मोहल्ले में ही रहने वाली रेशमा से हुई थी। इंतजार कश्मीर में सैलून चलाता है। डेढ़ माह पूर्व इंतजार के ससुर अन्नू की मृत्यु हो गई थी, जिसमें इंतजार और रेशमा दोनों अपने दो बच्चों के साथ अपने घर आए थे। इंतजार की पत्नी रेशमा पिता की मृत्यु के बाद अपनी मां के पास ही रह रही थी, जिसको इंतजार घर ले जाने के लिए कई दिनों से लगातार कह रहा था, लेकिन पत्नी ससुराल जाने को तैयार नहीं थी। कल सोमवार को इंतजार पुनः रेशमा को लाने अपनी ससुराल गया तो दोनों में कुछ कहासुनी हो गई, जिससे क्षुब्ध होकर इंतजार ने अपने घर आकर कमरे में फांसी लगा ली और जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भिजवा दिया। वहीं ग्रामीणों व रेशमा के परिजनों का कहना है कि इंतजार सूखे नशे का आदी हो चुका था तथा कारोबार पर भी ध्यान नहीं देता था, जिसको लेकर रेशमा व उसके तीन बच्चे आर्थिक तंगी से परेशान थे, जबकि इंतजार नशे की आदत को छोड़ना नहीं चाहता था, जिस कारण रेशमा इंतजार के साथ नहीं जाना चाहती थी तथा मायके में ही रुकी हुई थी। इंतजार की मृत्यु से परिवार में कोहराम मचा है।

# मुख्यमंत्री जी! सात दिन तक फुंका पड़ा रहा रेहरा में विद्युत ट्रांसफार्मर

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री का आदेश है कि 24 से 48 घंटे में बिजली का फुंका ट्रांसफार्मर बदला जाये।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम रेहरा में स्थित मदीना मस्जिद के पास 100 केवी का ट्रांसफार्मर 7 दिन पूर्व फुंक गया था। उक्त ट्रांसफॉर्म से 100 कनेक्शन जुड़े हुए हैं। तपती गर्मी के बीच इस दौर में जहां घरों में लगे अधिकांश उपकरण विद्युत आपूर्ति से चलते हैं। ग्रामीणों के लिए 7 दिन तक बिना बिजली के रहना किसी सजा से कम नहीं है। विद्युत आपूर्ति न होने से सबमर्सिबल न चलने की दशा में पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलें दोगुनी कर दी थीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री का साफ आदेश है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 24 से 48 घंटे के भीतर फुंका हुआ ट्रांसफार्मर हर हाल में बदला जाना चाहिए, तब बिजली विभाग की यह 7 दिन की देरी सीधे तौर पर लापरवाही को दर्शाती है। शिकायतकर्ता नसीम, शराफत, अमीर, नासिर, बाबू, शाहिद, अनीश, मुस्तकीम, शराफत आदि का कहना है कि आज भले ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने फुंका हुआ ट्रांसफार्मर बदल दिया है, किन्तु इतने दिनों तक ग्रामीणों ने जो परेशानी झेली है, उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।


फाइल फोटो

# देवर ने भाभी को पीटकर किया घायल

**स्योहारा (चिंगारी)। देवर ने भाभी को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। महिला घायल अवस्था थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी देवर को हिरासत में ले लिया। सोमवार को दोपहर बाद गांव रायपुर निवासी हिदेश पत्नी नीरज ने घायलावस्था में थाने पहुंच प्रार्थना पत्र दिया, जिसमें देवर दीपक पुत्र राजेश पर आरोप लगाते हुए बताया कि बिना किसी कारण के गाली-गलौच की और मना करने पर मारपीट कर दी, जिसमें हिदेश बुरी तरह घायल हो गयी। पुलिस ने घायल को चिकित्सा परिक्षण के लिए भेजा। जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।**

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खोला जाये गन्ना शोध केन्द्र और गन्ना विश्वविद्यालय

**नांगल सोती (चिंगारी)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लाइफ लाइन कही जाने वाली गन्ने की खेती सीओ-0238 प्रजाति के रोगी हो जाने के बाद संकट में नजर आ रही है। प्रगतिशील गन्ना किसान कुलवीर सिंह ने गन्ना खेती की रक्षा के लिये पश्चिमी यूपी में एक गन्ना शोध केन्द्र और एक गन्ना विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग की है।**

ग्राम तिसोतरा के प्रगतिशील किसान तथा गन्ना खेती में कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीत चुके कुलवीर सिंह ने अपने घर पर लगाई नेम प्लेट पर लिखा था -'0238 की कृपा'। इस खबर को सबसे पहले 'चिंगारी' ने प्रकाशित किया था, तो यह खबर सोशल मीडिया पर छा गई थी। कुलवीर सिंह का कहना था कि किसानों पर गन्ना प्रजाति सीओ-0238 की जितनी कृपा रही है, उतनी किसी और की नहीं। इस प्रजाति ने किसान और मिल दोनों की माली हालत सुधारी। मगर इस प्रजाति के रोगग्रस्त हो जाने से गन्ना खेती पर बड़ा संकट आ खड़ा हुआ है। कुलवीर सिंह का कहना है कि गन्ने की खेती पश्चिमी यूपी में बड़े भू-भाग पर होती है। प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से गन्ना खेती से कई लाख लोग रोजगार पाते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाजार भी गन्ने की खेती पर आश्रित हैं। लेकिन आज गन्ना उद्योग और गन्ना खेती से जुड़े लोग परेशान हैं। न ही किसी उन्नत तकनीक की खोज हो पा रही है और न ही किसी उन्नतशील प्रजाति की। उनका आरोप है कि मंत्री, अधिकरियों के लिये गन्ना उद्योग और खेती दुधारू गाय साबित हुई है। वे जितना निचोड़ सकते थे, निचोड़ लिया। उनकी सरकार से मांग है कि गन्ना उद्योग और गन्ना खेती को बचाने के लिये पश्चिमी यूपी में एक गन्ना शोध केन्द्र और एक गन्ना विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना चाहिये, जिससे कि गन्ना खेती, कई हजार करोड़ का गन्ना उद्योग और लाखों लोगों का रोजगार बच सके। पश्चिम के गन्ना समितियों के बोर्ड, सांसदों और किसान यूनियन के नेताओं को जोर-शोर से इसकी मांग करनी चाहिये। गन्ना किसान भी पोस्टकार्ड, सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार से यह मांग करें।



> ***0238 प्रजाति रोगग्रस्त होने के बाद गन्ना उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत की गिरावट आयी है और लागत 25 प्रतिशत बढ़ गई है। यानी गन्ना खेती किसान के लिये घाटे का सौदा बन गई है। कुलवीर सिंह का कहना है कि गन्ना मंत्रालय (गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग) एक स्वतंत्र विभाग है, मंत्री के नेतृत्व में बहुत बड़ा प्रशासनिक अमला इसमें कार्यरत है, लेकिन कोई सुखद परिणाम नहीं आ रहा है।***

# नईमा खातून के निधन पर शोक व्यक्त किया

**स्योहारा (चिंगारी)।** रविवार को देर रात्रि स्योहारा प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाज़ उर्फ़ प्रिंस जमाल की धामपुर निवासी 70 वर्षीय सास नईमा खातून का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वह अपने मधुर व्यवहार के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन पर समाजसेवी डा.मनोज वर्मा, हाजी अनवर जमाल, हाजी नईमुलहसन, चेयरमैन फैसल वारसी, व्यापारी एवं भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी, मेराजुलहक़, डा.दानिश कमाल, ऐजाजुलहक़ असजद चौधरी, पत्रकार अरशद चौधरी, इक़बाल अंसारी, डा.जानिब नसीम, पूर्व सीओ इकबालुजम्मा, आदिल चौधरी, चौधरी फहीमुर्रहमान, हाजी इल्यास चौधरी, नेज़र आमान, डा.तफ़्फ़ुजुल, हाजी जमील अहमद, आमिर अहमद, अजीम अहमद, शमीम अहमद किरतपुर, रहमान ज़फ़र, फैय्याज यूनुस, ग्राम प्रधान कासिम अंसारी, वाजिद अंसारी, दिलशाद अमीर साहब, सलीम कुरैशी, अजमल ज़ैदी, सहित प्रेस क्लब स्योहारा के सह संरक्षक धर्मेंद्र भुईयार, महामंत्री चमन भारद्वाज, गय्यूर चौधरी, नादिर त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी विश्नोई, आकाश तोमर, इकबाल अंसारी, अरशद चौधरी, फ़ज़ल अंसारी, अंकुल प्रजापति, राशिद पीटर, कपिल शर्मा आदि ने शोक जताया।

# ईदगाह में 7 बजे होगी नमाज़

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर की ईदगाह कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ईद की नमाज़ को लेकर विचार हुआ और समय तय हुआ। बैठक के उपरांत ईदगाह के अध्यक्ष एडवोकेट अहसन ने बताया कि सर्वसम्मति से ईद उल अजहा की नमाज़ 7 बजे होगी। अध्यक्ष ने सभी लोगों से आग्रह किया कि ईदगाह में ही नमाज़ पढ़ें। ईदगाह के बाहर सड़कों पर कोई नमाज़ न पढ़े।

# समायोजन पर रोक पड़ी भारी, धरी रह गई तैयारी

## तीन जुलाई तक नहीं होगा शिक्षकों का समायोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों का समायोजन फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है। न्यायालय ने तीन जुलाई तक समायोजन पर रोक लगा दी है। समायोजन पर रोक लगने से शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। समायोजन के लिए जारी की गई सूची पर आपत्तियों की भरमार थी।

प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो शिक्षक अनिवार्य रूप से होने चाहिए। इसे लेकर प्रदेश में शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। गौरतलब हो कि शिक्षा सत्र 2026-27 एक अप्रैल से शुरू हुआ है। शिक्षा सत्र के पहले महीने में स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षकों द्वारा बच्चों के नामांकन किया जा रहे थे, जबकि बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी निर्वाचन तथा अब जनगणना के प्रगणक व सुपरवाइजर के रूप में लगा दी गई है। ऊपर से शिक्षकों को समायोजन करने के निर्देश दिए जाने से शिक्षक हतप्रभ थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा बड़ी संख्या में समायोजन के लिए शिक्षकों की सूची जारी की गई थी। काफी संख्या में शिक्षक न्यायालय की शरण में पहुंच गए थे। शिक्षकों का कहना है कि बड़ी संख्या में शिक्षक गैर शैक्षणिक कार्यों में जुटे हुए हैं। ऐसे में शिक्षकों का समायोजन करना उचित नहीं है। न्यायालय द्वारा फिलहाल 3 जुलाई तक शिक्षकों के समायोजन पर रोक लगा दी गई है। शिक्षा विभाग को इसके लिए आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। जिलाधिकारी की देखरेख में समिति समायोजन पर निगरानी रखेगी। दूसरी ओर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि समायोजन के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।

## शिक्षकों ने ली राहत की सांस

> **न्यायालय द्वारा समायोजन प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने से शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। शिक्षा विभाग के सूत्र बताते हैं कि उच्च प्राथमिक विद्यालय में समायोजन सर का दर्द बना हुआ है। शिक्षकों का सब्जेक्ट मैपिंग सही तरीके से न होना मुसीबत बना हुआ है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समायोजन के लिए विकास क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारियों से सूची तलब कर ली गई थी।**

# सरकार के फ़ैसले से प्रधान गद्‌गद् 6 माह के लिये मिलेगा प्रशासक पद

**किरतपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ा फैसला लिया है। वर्ष 2021 में गठित ग्राम पंचायतों का कार्यकाल आज समाप्त हो जाएगा। कल 27 मई 2026 से निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में नामित किया जाएगा। पंचायती राज अनुभाग-3 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि नई ग्राम पंचायतों के गठन और पहली बैठक होने तक अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक पूर्व प्रधान ही प्रशासक के रूप में सामान्य कार्यों का संचालन करेंगे। इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रशासक के रूप में नियुक्त पूर्व प्रधान केवल सामान्य एवं नियमित कार्यों का ही निर्वहन करेंगे। उन्हें किसी प्रकार के नीति संबंधी निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा। यदि किसी विशेष परिस्थिति में कोई महत्वपूर्ण निर्णय आवश्यक होगा तो उसका प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा जाएगा और स्वीकृति मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। सरकार के इस फैसले से प्रदेश भर के ग्राम प्रधानों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। प्रधानों का कहना है कि इससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की निरंतरता बनी रहेगी तथा गांवों में प्रशासनिक कार्य प्रभावित नहीं होंगे। कई प्रधानों ने शासन के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीण विकास और व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। सरकार ने यह निर्णय पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति को देखते हुए लिया है।




# वाल्मीकि महापंचायत की मंथन बैठक में एकजुटता की अपील




अखिल भारतीय बाल्मीकि महापंचायत के मंथन बैठक में हिस्सा लेते पदाधिकारी

**नगीना ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय बाल्मीकि महापंचायत की मंथन बैठक में बाल्मीकि समाज की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा समाज से एकजुटता की अपील की गई। पंचायती राज विभाग गेस्ट हाउस में हुई मंथन बैठक में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय बाल्मीकि महापंचायत ( युवा ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील झंझोट व राष्ट्रीय महासचिव अनूप बाल्मीकि उर्फ अनु ने बाल्मीकि समाज से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की अपील की। मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पारचा व प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत भारती उर्फ सोनू ने बाल्मीकि समाज की समस्याओं पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष रुपेश कुमार की अध्यक्षता व दीपक ढेलचा के संचालन में आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष रंजीत पवार, अफ़जलगढ़ नगर अध्यक्ष सोमराज बाल्मीकि, जयराज राणा बाल्मीकि, अजय पवार, राकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष ताराचंद बाल्मीकि, जिला महामंत्री कपिल बाल्मीकि, नितल कुमार, राजन कुमार, पंकज कुमार, अनिल वैद, जतिन भारती, अनिकेत कुमार, राजेश कुमार, अश्वनी कुमार रहे।

# व्यापारी एकता परिषद ने गंगा दशहरा पर लगाया शर्बत शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सोमवार की सुबह व्यापारी एकता परिषद के जिला मंत्री राजीव कुमार ने अपने प्रतिष्ठान पिज़्ज़ा मेम रेस्टोरेंट के बाहर शर्बत शिविर का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि सदर तहसीलदार आशीष सक्सेना रहे एव विशिष्ट अतिथि में ज्योतिषविद्य पंडित अभिलाष शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नईम अहमद, जिला मंत्री हितेंद्र खरबंदा, जिला मंत्री नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, शिवम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष इलियास शाह, मयंक कुमार, दुष्यंत कुमार, राजवीर, राजीव कुमार, नगर अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद, नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद आबिद, अंशुल, चुनमुन, विपिन, विराज, समीर, संजीव कुमार आदि रहे।



शिविर का उद्घाटन करते हुये तहसीलदार।

# समर कैम्प में खेलों का आनंद ले रहे बच्चे

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स विद्यालय में समर कैंप में आयोजित आज के सत्र में बच्चों ने इंडोर और आउटडोर दोनों तरह की खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इंडोर हॉल में आयोजित स्केटिंग सेशन में बच्चे रंग-बिरंगे हेलमेट, नी-पैड और एल्बो-गार्ड जैसे सुरक्षा उपकरणों से लैस होकर स्केटिंग के गुर सीखते नजर आए। प्रशिक्षकों की देखरेख में बच्चों ने कतार बनाकर और कोन के बीच से संतुलन बनाते हुए स्केटिंग का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके बाद, आउटडोर खेल गतिविधियों के तहत बास्केटबॉल कोर्ट पर भी जबरदस्त हलचल देखने को मिली। बच्चे पूरे जोश के साथ कोर्ट पर उतरे और बास्केटबॉल को ड्रिबल करते हुए नेट में डालने का अभ्यास किया।



## सूचना नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MOHD GUFRAN था। मैंने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम MOHAMMAD GUFRAN कर लिया है। अब मुझे नये नाम MOHAMMAD GUFRAN के नाम से ही जाना जाये। मैंने पुराना नाम छोड़ दिया है।

**- मौहम्मद गुफ़रान पुत्र श्री राहत अली, निवासी मौहल्ला शीशग्रान, कस्बा व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**

# विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व जैव विविधता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में पंडित ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय परिसर, ऋषिकेश के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाकर जैव विविधता के संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग तथा पर्यावरणीय चेतना का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज को जैव विविधता के महत्व एवं इसके संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराया। परिसर निदेशक प्रो. महावीर सिंह रावत ने कहा कि जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन के संतुलन का आधार है तथा इसके संरक्षण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि जैव विविधता संरक्षण केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया। विभाग के समन्वयक प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरणीय संवेदनशीलता को बढ़ावा देती हैं।

# खुले में न करें कुर्बानी, मुहब्बत से मनाएं बकरीद - मौलाना अज़ीम

**पैजनिया ( चिंगारी )।** ईद उल अज़हा (बकरीद) को लेकर बड़ी मस्जिद पावटी के ईमाम मौलाना अजीम साहब ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिल हिज्जाह का बाबरकत हज व कुर्बानी का महीना चल रहा है, 28 मई से 30 मई तक बकरीद रहेगी। मौलाना अजीम साहब बताया कि कुर्बानी के जानवर को खरीदकर लाएं तो अपनी शान दिखाने के लिए अपने मोहल्ले और आबादी में लोगों को दिखाते न फिरें, सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला की रज़ा और सवाब कि नीयत की कुर्बानी करें, अगर दिखाने की नीयत से कुर्बानी करेंगे तो सिर्फ गोश्त ही मिलेगा सवाब नहीं सिर्फ उन्हीं जानवरों की कुर्बानी करें, जिन पर हुकूमत की तरफ से कोई कानूनी पाबंदी नहीं है, कानून के खिलाफ हरगिज़ कोई काम न करें। कुर्बानी सड़क पर या आम रास्ते पर न करें, घर के अंदर करें या फिर घर में जगह न हो तो मजबूरन पर्दा लगाकर करें। कुर्बानी का खून पानी में डालकर नालियों में न बहायें, जानवर को जिबह करते वक्त वीडियो न बनायें, ये तमाशा बनाना शरई और कानूनी तौर पर गलत है और फितना फसाद का जरिया भी बनता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से करें, एक रिश्तेदार, दूसरा पड़ोसी, दोस्तों के लिए व तीसरा अपने लिए। पावटी पौटा जलादीपुर सल्लाहपुर के गांवों की ईदगाह नूरपुर- बिजनौर रोड स्थित ईदगाह पर नमाज सवा सात बजे होगी। उन्होंने सभी नमाजियों से समय से पहले ईदगाह पहुंचने की गुजारिश की है।



मौलाना अजीम

# राहगीरों को शर्बत पिलाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम हरचंदपुर में ग्राम प्रधान नौबहार कश्यप और आशीष जाटव ने भयंकर गर्मी में झुलस रहे राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिये शरबत पिलाया। आदित्य कश्यप, राजवीर कश्यप, सरवन कुमार, मोने कश्यप, सचिन कुमार, भोले कश्यप, रिहांशु, शिवम कश्यप, डा. सुधांशु ने सहयोग किया।



# चार साल बाद यूपी को मिल सकता है स्थायी डीजीपी

देवराज सिंह

**लखनऊ ( चिंगारी )।** करीब चार वर्षों के लंबे इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश को जल्द ही स्थायी पुलिस महानिदेशक मिलने जा रहा है। इसको लेकर आज दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की अहम बैठक आयोजित होगी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से मुख्य सचिव एस.पी. गोयल शामिल होंगे। बैठक में यूपीएससी उन तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों पर अंतिम मुहर लगाएगा, जिनके पैनल में से उत्तर प्रदेश सरकार को नया स्थायी डीजीपी चुनना होगा।




सूत्रों के अनुसार, वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्णा का नाम इस दौड़ में सबसे मजबूत माना जा रहा है। हालांकि वरिष्ठता सूची के हिसाब से 1990 बैच की आईपीएस अधिकारी रेणुका मिश्रा सबसे ऊपर हैं। इसके अलावा 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीयूष आनंद भी इस रेस में शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश में मई 2022 में तत्कालीन डीजीपी मुकुल गोयल के हटने के बाद से स्थायी डीजीपी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। तब से राज्य में कार्यवाहक डीजीपी के जरिए पुलिस विभाग का संचालन किया जा रहा है। अब यूपीएससी की बैठक के बाद यह प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और जल्द ही प्रदेश को नया स्थायी पुलिस प्रमुख मिल सकता है।

रेणुका मिश्रा का नाम वरिष्ठता के आधार पर सबसे ऊपर जरूर है, लेकिन उनका हालिया रिकॉर्ड उनके लिए चुनौती बन सकता है। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के बाद उन्हें कोई नई जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई। इससे पहले वह उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। पेपर लीक विवाद के बाद सरकार ने भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी उनसे लेकर राजीव कृष्ण को सौंप दी थी। रेणुका मिश्रा ने बीकॉम और इकोनॉमिक्स की पढ़ाई के साथ पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन में एमए किया है। वह पहले भी डीजीपी पद की दावेदार रही थीं, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी के कारण उनका चयन नहीं हो सका था।

वहीं, पीयूष आनंद वर्तमान में केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के महानिदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 1 अप्रैल 2024 से इस पद की जिम्मेदारी संभाली है और हाल ही में उनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। इससे पहले वह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में एडीजी और विशेष डीजी जैसे अहम पदों पर भी काम कर चुके हैं। पीयूष आनंद ने आईआईटी दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक और एमडीआई गुरुग्राम से लोक नीति में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। यूपी पुलिस में रहते हुए वह 11 जिलों में एसपी और एसएसपी रह चुके हैं तथा सीबीआई में भी सात वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं। अब सबकी नजर यूपीएससी की बैठक और उसके बाद राज्य सरकार के फैसले पर टिकी है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश को नया स्थायी डीजीपी मिल जाएगा, जो प्रदेश की कानून-व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की दिशा तय करेगा।

# दिल्ली में सीएनजी दो रुपये और महंगी




**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सीएनजी के दाम एक बार फिर बढ़ गये हैं। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने आज से इसकी कीमत दो रुपये प्रति किलोग्राम और बढ़ा दी है। दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गयी है। पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई और 23 मई को भी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी के दाम दो-दो रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये थे। इस प्रकार तीन बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गये हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ायी गयी है।

# बकरा ईद पर शासन की गाइड लाइन का पालन करने की अपील

**सय्यद विकार हैदर रिज़वी ने कहा- खुले में नहीं होगी कुर्बानी, शांति और सौहार्द बनाए रखें**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बकरा ईद के मद्देनज़र रविवार को सय्यद विकार हैदर रिज़वी के निजी आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गांव के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए सय्यद विकार हैदर रिज़वी ने कहा कि कुर्बानी शासन की गाइडलाइन के अनुरूप ही की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि खुले स्थानों पर कुर्बानी नहीं की जाएगी तथा कुर्बानी के अवशेषों को हर हाल में दफनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित जानवरों, विशेष रूप से गाय की कुर्बानी पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी के मांस को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ढककर ले जाया जाए, ताकि किसी भी समुदाय की भावनाएं आहत न हों। साथ ही ईद की नमाज केवल निर्धारित स्थानों पर ही अदा की जाएगी और किसी भी सार्वजनिक मार्ग या आम रास्ते को अवरुद्ध कर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। बैठक में इस्लामिक शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए विकार रिज़वी ने कहा कि इस्लाम मां-बाप के सम्मान और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि औलाद के लिए माता-पिता की जायज़ बात मानना सबसे बड़ा फर्ज है। साथ ही अन्य धर्मों में भी माता-पिता के सम्मान और सामाजिक सौहार्द पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक में मौजूद लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का भरोसा दिलाया। अंत में सभी से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई।

# चारधाम यात्रा पर पेट्रोल-डीजल किल्लत की काली छाया, यात्रियों को गुस्सा आया

**चमोली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा चरम पर है। इस बीच चमोली जिले में पेट्रोल और डीजल का संकट गहराने लगा है, जिसके चलते अब हालात बेकाबू होने लगे हैं कि ज्योतिर्मठ स्थित पेट्रोल पंप पर तेल न मिलने पर नाराज यात्रियों ने जमकर हंगामा किया और प्रदर्शन कर हाईवे जाम करने की कोशिश की। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया।

यात्रियों का कहना है कि बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को ऋषिकेश समेत मैदानी क्षेत्रों से ये कहकर आगे भेजा जा रहा है कि पहाड़ों में पर्याप्त पेट्रोल-डीजल उपलब्ध है, लेकिन चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में कई पेट्रोल पंपों पर तेल नहीं मिलने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जोशीमठ में घंटों तक वाहन चालकों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई यात्री बिना ईंधन के बीच रास्ते में फंस गए। यात्रियों का आरोप है कि प्रशासन और तेल कंपनियों की ओर से सही जानकारी नहीं दी जा रही, जिससे यात्रा मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। इस मामले में स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मैदानी इलाकों में ही ईंधन संकट बना हुआ है, तो पहाड़ी क्षेत्रों तक नियमित सप्लाई पहुंचना मुश्किल हो गया है। ऐसे में चारधाम यात्रा जैसे बड़े सीजन में ईंधन संकट प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर रहा है। फिलहाल, पुलिस और प्रशासन यात्रियों को समझाने में जुटे हैं, वहीं लोग जल्द से जल्द पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं। आलम ये है कि पंपों पर पेट्रोल उपलब्ध नहीं है का पोस्टर लगा है। यात्रियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालकों की ओर से सही जानकारी नहीं दी जा रही है। लगातार एक जगह से दूसरी जगह भेजे जाने के कारण लोग घंटों तक सड़कों पर भटक रहे हैं। कई वाहन बीच रास्ते में फंसने की स्थिति में पहुंच गए हैं। बता दें कि चारधाम यात्रा अपने चरम पर है और हजारों श्रद्धालु बदरीनाथ व हेमकुंड साहिब की यात्रा पर निकल रहे हैं। ऐसे समय में ईंधन संकट ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिये हैं। फिलहाल, प्रशासन स्थिति सामान्य बनाने और ईंधन आपूर्ति बहाल कराने की बात कह रहा है।

## उपजिलाधिकारी का कहना है..

उपजिलाधिकारी जोशीमठ चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि क्षेत्र में तेल की कोई गंभीर किल्लत नहीं है। हालांकि, सीमित स्टॉक को देखते हुए वाहनों को कम मात्रा में तेल उपलब्ध कराया जा रहा है। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोग अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# इनिंग्स स्टार बिजनौर ने हासिल की खिताबी फतह



**बिजनौर ( चिंगारी )।** इनिंग्स स्टार बिजनौर ने मुरादाबाद के प्रतिष्ठित बाबा क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर खेले गए 'तृतीय राज्य स्तरीय बेसिक चैंपियनशिप 2026' के महामुकाबले (फाइनल) में ऐतिहासिक खिताबी फतह हासिल की है! रोमांचक फाइनल मैच में इनिंग्स स्टार बिजनौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 162 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया, जिसमें नितिन चौधरी ने 14 गेंदों में तूफानी 30 रन, अंतरिक्ष सैनी ने शानदार 36 रन, अमित कुमार ने 24 रन और राहुल कुमार ने 20 रन बनाए। जवाब में इनिंग्स स्टार के गेंदबाजों की सटीक लाइन-लेंथ और जांबाज फील्डिंग के चक्रव्यूह में फंसकर 'यूनाइटेड अमरोहा बेसिक' की पूरी टीम मात्र 138 रनों पर ही सिमट गई। ललित शर्मा, अंतरिक्ष, जावेद और मनजीत सिंह ठाकरान की धारदार गेंदबाजी की बदौलत इनिंग्स स्टार बिजनौर ने 24 रनों से यह ऐतिहासिक खिताबी मुकाबला अपने नाम किया।

## विजेता टीम के जांबाज सितारे

**मुकुल , नितिन चौधरी, राहुल कुमार, अमित बालियान, अंतरिक्ष सैनी, ललित शर्मा, प्रिंस राठी, अनुज सैनी, वैभव शर्मा, अतुल कुमार, प्रदीप राठी, नीरज कुमार, जावेद अहमद, कपिल कुमार करदम और मनजीत सिंह ठाकरान, मानवेंद्र।**

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लायें : धामी

## मुख्यमंत्री ने समस्त जिलाधिकारियों के साथ की वर्चुअल बैठक

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा से समस्त जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिला अधिकारियों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा ग्राम सभाओं में स्थित सरकारी भूमि की भी जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में भू कानून का उल्लंघन कर खरीदी गई जमीनों की जांच भी की जाए। उन्होंने कहा इस अभियान में तेजी लाते हुए त्वरित सुनवाई की जाए एवं भू कानून का उल्लंघन पाए जाने पर भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्थित शत्रु संपत्तियों पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा वक्फ संपत्तियों का ब्योरा, उम्मीद पोर्टल पर दर्ज किए जाने की नियमित समीक्षा हो। साथ ही इस ब्योरे की भी नियमित जांच की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा अन्य राज्यों से आए लोगों के शस्त्र लाइसेंस की जांच भी की जाए एवं आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को चिन्हित भी किया जाए। जनसेवा केंद्रों की जांच एवं अवैध राशन कार्ड बनाकर सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे अपात्र लोगों को चिन्हित करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। मुख्यमंत्री ने संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखते हुए वेरिफिकेशन ड्राइव में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।



आगामी मानसून को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जनपदों को पूर्व तैयारियाँ समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक जिले में मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने आंतरिक क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, ग्रीष्मकालीन समय को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहाँ कहीं भी पानी की समस्या या तकनीकी दिक्कत हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में अनावश्यक ऊर्जा कटौती किसी भी स्थिति में न हो। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश बिजली कटौती आवश्यक हो, तो इसकी पूर्व सूचना स्थानीय स्तर पर समय रहते आम जनता तक पहुंचाई जाए, जिससे लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# राजरानी के नेत्रों से दो नेत्रहीन देखेंगे दुनिया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वर्गीय राज रानी 83 वर्ष, त्यागी रोड देहरादून निवासी के निधन के उपरांत उनके बेटे बी. के. मनचंदा ने अपनी माता जी की आंखें दान करने की इच्छा जाहिर की और सरदार गुरबिंदर सिंह मुरादाबाद ने निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान को सूचित किया। संस्थान की टीम डॉ. तुषार, मत्र्केंदु ने दिवंगत के निवास पर जाकर कॉर्निया प्राप्त किये। उस वक्त परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। इन नेत्रदान के जरिये दो लोग इस सुन्दर संसार को देख पाएंगे। इस अवसर पर डॉ. तुषार ने कहा कि आंखें दान करने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है, जैसे मृत्यु के 6 घंटे के अंदर आंखें दान कर देनी चाहिए ,मृतक की आंखे बंद करके उसके ऊपर गीली रुई रख देनी चाहिए, पंखा बंद कर दें, ऐसी हो तो चलने दें, सिर के नीचे तकिया रख दें।



# भुवनचंद खंडूडी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## 'भारत रत्न' की देने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अटल बिहारी बाजपेयी की केंद्र सरकार में भूतल परिवहन मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके दिवंगत सेनि. मेजर जनरल भुवन चन्द्र खण्डूडी के निधन पर उनकी स्मृति में डू समथिंग सोसाइटी के तत्वावधान में बालासौड़ रोड स्थित एक बारातघर के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने दिवंगत भुवन चंद्र खंडूड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान गढ़.गौरव सैनानी संगठन, पूर्व सैनिक गौरव सैनानी संगठन एवं 17 अन्य गौरव सैनानी समितियों द्वारा दिवंगत मुख्यमंत्री को मरणोंपरांत भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने की मांग की गई। मौके पर तय किया गया कि यह प्रस्ताव राज्य एवं केन्द्र सरकार को भेजा जायेगा। इसी क्रम में विभिन्न संगठनों के वक्ताओं ने दिवंगत मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश व देश हित में किए गए कार्यों को याद किया। डू समथिंग सोसाइटी के संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने कहा कि दिवंगत मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के जनमानस के मन में सदैव नई ऊर्जा प्रदान करते रहेंगे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में राजेन्द्र प्रसाद पंत, राजेन्द्र जजेड़ी, शूरवीर खेतवाल, मनवर लाल भारती, हरि सिंह पुन्डीर, अमित नेगी, चन्द्रप्रकाश नैथानी और गोपाल दत्त जखमोला सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# हिन्दी सेवा समूह ने आयोजित की कवि गोष्ठी

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** हिंदी सेवा समूह द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन कवयित्री डॉक्टर पुष्पा रानी वर्मा के निवास पर किया गया। कवि गोष्ठी के अध्यक्षता हिंदी सेवा समूह की संरक्षिका एवं कवयित्री डॉक्टर पुष्पा रानी वर्मा ने की तथा संयोजन हिंदी सेवक एवं कवि डॉक्टर अशोक गिरि ने किया। इस कवि गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण, देशभक्ति तथा जल संरक्षण की काव्यात्मक चर्चा हुई तथा हिंदी भाषा के शुद्ध परिमार्जन पर भी चर्चा हुई। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कवयित्री डॉक्टर पुष्पा रानी वर्मा ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी कविता इस प्रकार प्रस्तुत की- सूखी हुई नदियों ने, फटी हुई जमीन से पुकारा है ,जल ही एकमात्र सहारा है। सुकवि डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी अमित ने कुछ यूं फरमाया मातृभूमि की रक्षा करना पहला फर्ज हमारा है, भारतवर्ष देश ये अपना , प्राणों से भी प्यारा है । हिंदी सेवक एवं कवि डा. अशोक गिरि ने कहा अच्छा हो हम अपने सुखों के साथ, दूसरों के दुखों की भी बात करें। इस अवसर पर युवा कवयित्री कवीशा ने भी काव्य पाठ किया तथा प्रमोद वर्मा तथा डॉ. विजय कुमार त्यागी ने सफल कवि गोष्ठी की सराहना की।



# जीआईसी मठाली एवं बड़खेत को आधारशिला ने भेंट किये कम्प्यूटर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आधारशिला संस्थान की ओर से विकास खंड जयहरीखाल के रा इं का मठाली एवं विकास खंड रिखणीखाल के रा इं का बड़खेत को कंप्यूटर प्रदान किए गए। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राइंका मठाली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने संस्थान का आभार व्यक्त किया, वहीं राइंका बड़खेत में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य यदुवेन्द्र सिंह रावत ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। संस्थान संस्थापक नरेश चंद्र घिल्डियाल ने कहा कि उन्होंने पूर्व में दोनों विद्यालयों को कम्प्यूटर देने का वायदा किया था, जो उन्होंने पूरा कर दिया है। कहा कि संस्थान की ओर से छात्रों के उत्थान के लिए इस तरह की मदद भविष्य में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर शिक्षक दीपक जदली, अनिल बुड़ाकोटी और वंदना नेगी आदि शिक्षकों सहित अनुसूया प्रसाद जदली और सतेन्द्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## चाकू सहित बजारी थमा

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अवैध कार्य करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश के अन्तर्गत कोतवाली ऋषिकेश पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम गठित कर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रात्रि में टीम द्वारा गश्त के दौरान लक्कड़ घाट रोड ऋषिकेश से चोरी की फिराक में घूम रहे एक व्यक्ति को जिसकी पहचान बजारी लाल पुत्र स्व. सूर लाल निवासी खरहरी मातेपुर थाना वजीरगंज, गौंडा (उ.प्र.) को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम में उ.नि. विनेश कुमार, कांस्टेबल विनित कुमार शामिल थे।

# महापौर ने कई वार्डों में किया विकास परियोजनाओं का शुभारंभ



## प्रत्येक वार्ड का विकास सर्वोच्च प्राथमिकता : मेयर

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर शम्भू पासवान द्वारा विभिन्न वार्डों में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया गया। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने से स्थानीय निवासियों को जलभराव और आवागमन जैसी समस्याओं से बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। विकास कार्यों की कड़ी में सबसे पहले गुमानीवाला क्षेत्र में स्थानीय जनता की सुविधा के लिए लगभग 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाली टाइल्स सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ के साथ ही, शिवाजी नगर क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान हेतु लगभग 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाले निर्माण कार्य का भी विधिवत उद्घाटन हुआ। इसके अतिरिक्त, खेल प्रेमियों और युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गंगानगर में 62 लाख की लागत से बनने वाले नए बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन करते हुये महापौर ने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक वार्ड का चहुंमुखी विकास और जनता को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ और तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के अधिकारी, स्थानीय पार्षद सुरेंद्र सिंह नेगी, अभिनव मलिक आदि उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**



# बिजनौर की सांझ खुराना को मिला थर्ड रनरअप का ताज

बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर की बेटियां अब हर क्षेत्र में अपनी योग्यता के झंडे गाड़ रही हैं। दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में हुई मिस ग्रैंड इंडिया 2026 प्रतियोगिता में बिजनौर की सांझ खुराना ने थर्ड रनरअप का खिताब जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। 23 साल की सांझ खुराना ने अपनी सुंदरता के साथ-साथ विद्वता से ज्यूरी को प्रभावित किया। इस प्रतियोगिता में तमिलनाडू की लक्षिता थिलागराज विनर रहीं। असम की मृगाश्री बरुआ प्रथम उपविजेता मेघायल की डॉ. तन्वी मारक द्वितीय विजेता रहीं। पिछली विजेता विशाखा कंवर ने सभी विजेताओं को ताज पहनाया।

# चोरी के बैटरी के साथ एक गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने बैटरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बैटरी व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की। आरोपी चोरी की बैटरी कबाडी को बेचने जा रहा था। क्षेत्र के मौहल्ला दरोदग्रान निवासी शाह आलम पुत्र बाबू ने 24 मई 2026 को अज्ञात चोर द्वारा दुकान से बैटरी चोरी किए जाने की तहरीर दी थी। इस आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए घटना के खुलासे के टीम गठित की थी, टीम ने सीसीटीवी फुटेज, वीडियो व अन्य साक्ष्यों के आधार पर धामपुर थाना क्षेत्र के मौहल्ला बन्दूकचियान निवासी जीशान पुत्र हिजुर्रहमान का नाम प्रकाश में आने पर उसे 25 मई को मुखबिर की सूचना पर मोटाआम से आजाद चौक मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया।

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

कैसा भी दर्द हो मात्र 10 मिनट में राहत वह भी बिना दवाइयों के
शक्तिपात योग थैरेपी
कमर-घुटने के दर्द, साईटिका डिस्क स्लिप के लाइलाज वाले तुरंत सम्पर्क करें-
शिव शक्ति योग पीठ
जानकीपुरम, कृष्णा कॉलेज के सामने, नूरपुर रोड, बिजनौर
मो. 9870746060

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
सभी जनपदवासियों को ईदुल-अज़हा की दिली मुबारकबाद
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476